तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 29 जून , 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

14 नहीं बिकी जलघर और गंजपारा कॉम्पलेक्स की दुकानें, अब निगम देगा इसे किराए में



15 अघोषित बिजली कटौती से खेतों में नहीं पहुंच रहा पानी, आक्रोशित किसानों ने बिजली आफिस घेरा









50 लाख की चोरी का हुआ खुलासा | सीसीटीवी कैमरे से हुई पहचान

## महावीर कॉलोनी में 50 लाख की चोरी के आरोपी खैरागढ़ से हुए गिरफ्तार, जमीन में गड़ाए जेवरात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कोतवाली दुर्ग थाना अंतर्गत महावीर कॉलोनी निवासी शांतिलाल कांकरिया के घर में 6 दिन पहले हुई चोरी की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। आरोपियों की पहचान पुलिस ने पहले सीसीटीवी फुटेज की मदद से की। इसके आरोपियों के केकराजबोड़ खैरागढ़ में होने की जानकारी मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। मामले में पांच आरोपी थे। घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों को पहले चेक किया गया। दो संदेही बाइक पर घूमते दिखे। पुलिस ने उनकी जानकारी जुटाई। पता चला कि आरोपी लिटिया थाना लालबाग राजनांदगाव निवासी रंजीत डहरे और मिनीमाता नगर थाना कलमना नागपुर रोशन मारकंडें हैं। साइबर सेल की मदद से दोनों आरोपियों को ग्राम केकराज बोड जिला खैरागढ में होने की खबर मिली। टीम तुंरत मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर रंजीत व रोशन को पकड़ा। पूछताछ में पुलिस को जानकारी दी कि दुर्ग स्थित महावीर कालोनी में सराफा कारोबारी के मकान में लगे खिड़की को तोड़कर प्रवेश किया। उसके बाद सोना चांदी के जेवरात व नगदी पार करना स्वीकार किया।



3 किलो चांदी, 300 ग्राम सोना, 9.76 लाख रुपए कैश सहित अन्य सामान जब्त

### आरोपियों की निशानदेही पर तीन अन्य पकड़ाए

जेवरात को मिनीमाता नगर नागपुर निवासी आकाश सोनी को बेचा और सोने के जेवरात को नगदी पैसों को केकराजबोड जिला खैरागढ निवासी योगेश्वरी उर्फ जुगरी मारकंडे, लखौली रविशंकर बंजारे के पास बेचने के लिए रखना स्वीकार किया। रविशंकर बंजारे से भी नगद्दी रकम, जेवरात बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के 332.110 ग्राम सोना के जेवरात, 3 किलो 300 ग्राम चांदी और 9.76 लाख नगदी रकम जब्त किया। कुल सामनों की कीमत 50 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में एएसपी सुखनंदन राठौर, पदमश्री तंवर, क्राइम डीएसपी अजय सिंह, ममता अली शर्मा मौजूद थी।

### एसएसपी लगातार करते रहे मॉनिटरिंग

दुर्ग कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र से बड़ी चोरी की वारदात होने की जानकारी मिलने के बाद एसएसपी विजय अग्रवाल स्वयं लगातार मॉनिटरिंग कर आरोपियों को पकड़ने में जुटे रहे। इसके लिए बकायदा पुलिस ने बड़ी टीम भी बनाई गई थी। चोर का डिटेल सीसी कैमरे से मिलने के बाद पुलिस उनके पुराने रिकार्ड को खंगाला गया। उनके बारे में कई जानकारी हासिल कर आरोपी तक पुलिस पहुंची है। इस पूरे मामले में पुलिस ने ई साक्ष्य का प्रयोग किया है।

### जेवरात और नगदी को जमीन में गड़ाया

चोरी के जेवरात और नगदी रकम को आरोपी योगेश्वरी उर्फ जुगरी मारकंडे ने पुलिस से बचने के लिए जमीन में गाड दिया था। मगर पुलिस ने जिसे डीएसएमडी का उपयोग कर सोने, चांदी एवं नगदी रकम जब्त किया। जिस तरह से जेवरात, रकम को छिपाया गया था। इससे स्पष्ट हो गया है की योगेश्वरी इसमें शातिर दिमाग लगा रही थी

## पृथ्वी पैलेस में पकड़ाए जुआ में सराफा कारोबारी के बेटे का भी नाम आया, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अंजोरा पुलिस चौकी अंतर्गत पृथ्वी पैलेस में पकड़े गए जुए के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर जांच जारी है। इस मामले में नया खुलासा हुआ है। पृथ्वी पैलेस में जिस विला नंबर-2 पर जुआ खेला जा रहा था, वहां दुर्ग शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी, सराफा कारोबारी और चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारी का बेटा भी शामिल थे, जिसे बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया। बता दें कि शिवनाथ उत्सव समिति के वरुण जोशी की शिकायत के बाद मामले में जांच की जा रही है। इस मामले को लेकर शहर में तीखी प्रतिक्रिया है। मामले में पुलिस ने करीब 10 लाख रुपए कैश जब्त किया था। वहीं 18 जुआरियों पर कार्रवाई की गई थी। पुलिस की इस पूरी कार्रवाई को संदिग्ध माना जा रहा है। जुए में जब्ता रकम को जहां ज्यादा बताया जा रहा है, वहीं घटना स्थल में परिवर्तन और दो से तीन उंची पहुंच रखने वालों को छोड़ने की बात भी सामने आ रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो सराफा कारोबारी का बेटा जुआ खेलते पकड़ा गया था। वहीं पुलिस होटल संचालक को भी आरोपी बनाने की फिराक में थी, लेकिन बाद में उसकी जगह किसी अन्य को आरोपी बना दिया गया, जिसे आरोपी बनाया गया, वह होटल का कर्मचारी बताया गया है। बता दें कि पुलिस ने इस मामले में घटना स्थल होटल की बाउंड्रीवाल के पास को बताया है। पुलिस ने जुआ को लेकर झूठी कहानी गढ़ दी। इसे लेकर एसएसपी को भाजपा नेता वरुण जोशी ने इसे लेकर शिकायत की।

- अंजोरा पुलिस चौकी की कार्रवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हो रही जांच

### कैमरे का फुटेज भी गायब

सूत्रों ने बताया कि दुर्ग स्थित पृथ्वी पैलेस में जब पुलिस ने दबिश दिया सराफा कारोबारी का भी बेटा शामिल था। जुआ के मामले में किसी शंकर नगर निवासी भूपेंद्र गुप्ता को भी आरोपी बनाया गया है, जो कि पृथ्वी पैलेज का कर्मचारी बताया गया है। इस मामले में पृथ्वी पैलेज का वीडियो फुटेज भी गायब है। हार्ड डिस्क हटा दी गई है। फिलहाल इस पूरे मामले में जांच चल रही है। आरोप है कि पृथ्वी पैलेस के विला दो पर ही जुआ चल रहा था।जब पुलिस दबिश देने पहुंची तो इसकी खबर किसी को नहीं थी लेकिन जब जानकारी हुई तो आनन फानन में मामले को सेट किया गया। जुए के फड़ में शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी और संभ्रात परिवार के घर के लड़के शामिल थे।

### जुए के मामले में फिलहाल जांच जारी

“ जुए के मामले में फिलहाल जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, पुलिस उसी तरह कार्रवाई करेगी। गलत काम में जो भी शामिल होगा पुलिस नहीं छोड़ेगी। - **विजय अग्रवाल**, एसएसपी

### मुझे नहीं मालूम

“ इसे लेकर मुझे कोई जानकारी नहीं है। मैं कुछ नहीं बता पाउंगा। - **प्रकाश चंद सांखला** चेयरमेन सराफा कारोबारी

### खबर संक्षेप



### नौकरी लगाने का झांसा देकर 6 लाख की ठगी

**भिलाई।** नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मकान नंबर 37 वार्ड 1 अहिवारा निवासी ज्योति साहू को रज्य सहकारी मर्या. अपेक्स बैंक में प्रबंधक पद पर नौकरी लगाने का वार्ड 33 प्रगति नगर रिसाली निवासी जयकुमार वर्मा ने झांसा दिया। महिला से 6 लाख रुपए विभिन्न समय पर लिया था। इस बीच आरोपी जय कुमार वर्मा ने पीड़िता को 2 लाख का चेक मई 2025 को दिया था। लेकिन आरोपी के खाते में रुपए नहीं होने पर बाउंस हो गया। परेशान होकर पीड़िता ने शिकायत पुलिस से किया। आरोपी जय कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### बीसी खेलने को लेकर विवाद, उपसरपंच से मारपीट

**भिलाई।** अंडा पुलिस ने बताया कि निकुम के उपसरपंच गोपेंद्र कुमार साहू के साथ 20 लोग बीसी खेलने को लेकर बैठे हुए थे। 25 जून की रात सभी सदस्य भाठापारा बाजार में बैठकर हिसाब-किताब कर रहे थे। गांव के चिंतामणी भी कमेटी का सदस्य है। उसने उधार पर रकम लिया था। चिंतामणि उसे नहीं लौटा रहा था। इसे लेकर चर्चा चल रही थी, आक्रोशित होकर रूपेंद्र, दिनेश, चिंतामणी मिलकर उप सरपंच के साथ गाली-गलौज, मारपीट शुरू करना शुरु कर दिया।

## शक्तिनगर तालाब में मछलियों के मरने के मामले में खानापूर्ति, अज्ञात के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम दुर्ग के वार्ड-17 स्थित शक्तिनगर तालाब में मछलियों के मरने के मामले में लीपापोती शुरू हो गई है। निगम के अधिकारी इस पूरे मामले को दबाने की कोशिश में जुट गए हैं। इस मामले में किसने खरपतवार मारने की दवाओं का छिड़काव किया और किसने कराया। अब तक उनके नामों का खुलासा नहीं हुआ है, जबकि निगम के स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर ही सफाई के नाम पर दवा का छिड़काव कराया गया। इधर इस मामले में खानापूर्ति करते हुए अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मोहन नगर थाने में दर्ज शिकायत में पुलिस ने धारा 279, 325 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि नगर पालिक निगम दुर्ग नोडल अधिकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रेषित शिकायत लेकर सफाई दरोगा मनोहर सेन्दरे थाने पहुंचा, उसकी शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इधर इस पूरे मामले में निगम के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इस पूरे मामले में निगम अधिकारियों की लापरवाही मानते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। अन्यथा निगम में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि कुछ जिम्मेदारों को बचाने के लिए कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। हमें जांच रिपोर्ट का इंतजार है।



## 24 घंटे में 9.8 मिमी पानी गिरा आज भी बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई


जिले में 24 घंटे के अंदर 9.8 मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं पारा 29.8 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 3.8 डिग्री कम रहा। इसी प्रकार न्यूनतम पारा 22.2 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 3.8 डिग्री कम था। मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश के आसार हैं।दक्षिण-पश्चिम बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदान पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण उसी क्षेत्र में बना हुआ है। औसत समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक बढ़ा है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। इसके प्रभाव में अगले 48 घंटों के दौरान बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग और उससे सटे तटीय बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। अगले 72 घंटों में दुर्ग जिले सहित आसपास के जिलों में तेज बारिश की संभावना है।

## शिकायत के बाद राशन दुकानों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के विभिन्न राशन दुकानों का औचक निरीक्षक किया गया। इस दौरान खाद्य प्रभारीव एमआईसी सदस्य मनोज डहरिया, खाद्य सचिव राजू वर्मा, नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा की टीम राशन दुकान में पहुंचे थे। इस दौरान तीन माह का एक साथ राशन दुकानों में दिया जा रहा है। लेकिन इसे लेकर राशन दुकानों की शिकायत मिलने पर निरीक्षण करने पहुंचे थे। राशन दुकानों में हितग्राहियों से भी पूछताछ की गई लेकिन व्यवस्था बेहतर पाई गई। गौरतलब हो कि भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र के चरोदा के कई राशन दुकानों में पीडीएस की तस्करी आज भी होती है। लेकिन इस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं किया जाता है।






# साइबर फ्रॉड से जुड़ी शिकायत 1930 पर करें, मनी ट्रांसफर के दौरान रहे अवेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नए शैक्षणिक सत्र के शुरुआत में ही छात्र छात्राओं के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित विद्यालय सुरक्षित समाज विषय पर कार्यशाला का आयोजन नेहरूनगर स्थित एक निजी स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में पुलिस कप्तान विजय अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल हुए। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थान के प्राचार्य एवं प्रतिनिधियों को ट्रैफिक रूल्स, साइबर फ्रॉड से जुड़ी जानकारियां प्रदान की गई। एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि यातायात के प्रति जागरूक होने और सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए आवश्यक है कि स्टॉफ टीचर एवं स्टूडेंट्स के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। स्कूली बसों, वैन की गति सीमा नियंत्रित हो। ज़्यादातर दुर्घटनाएं लापरवाही से होती हैं, इसलिए सावधानी ही सुरक्षा है। सड़क पार करते समय ज़ेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें। ट्रैफिक नियमों की जानकारी छात्रों को नियमित रूप से दें। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल इसकी जानकारी 1930 नंबर पर दें। ऑनलाइन मनी ट्रांसफर करने के दौरान सावधानी बरतें।

बसों और प्राइवेट वैन में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगवाया जाए। सुरक्षा के लिए अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों को नियुक्त ना करें, हर कर्मचारी का चरित्र सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए। हर कर्मचारी स्वयं का अपराधिक रिकॉर्ड ना होने का शपथ पत्र देने बताया गया।

## कार्यशाला : निजी स्कूल में आयोजित कार्यशाला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षात्मक उपाय के दिए टिप्स

### महिलाओं और छात्राओं के लिए आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण शिविर लगाएं

एसएसपी ने कहा कि महिला स्टॉफ एवं छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। इसके लिए स्कूल में महिला नोडल अधिकारी नियुक्त हो। स्कूलों में शिकायत पेटी लगाई जाए। उसकी चाबी महिला पुलिस रक्षा टीम के पास होगी। कक्षा 1 से छात्रों को गुड टच-बैड टच के बारे में जानकारी देना आवश्यक है। इस हेतु प्रशिक्षित महिला शिक्षिकाएं और पुलिस कर्मी समय-समय पर सेशन लें, बच्चों को सिखाया जाए कि असहज महसूस होने पर तुरंत किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दें। नशामुक्ति के लिए जागरूकता कैम्प लगाएं।



### यातायात नियमों की दी जानकारी ट्रैफिक रुल्स पालन की अपील

इस अवसर पर विजय अग्रवाल ने साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया के प्रति छात्र-छात्राओं को सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि अजनबी से चैट, फोटो शेयरिंग, गेमिंग में सावधानी बरती जाए। बच्चों को ऑनलाइन प्राइवेसी से बचाया जाए। इस हेतु साइबर हेल्पलाइन: 1930, शिकायत पोर्टल https://cybercrime.gov.in का उपयोग किया जाए। प्रत्येक स्कूलों में सुरक्षा समिति गठित हो। सुरक्षा संवाद और अवेयरनेस सेशन हर माह आयोजित किया जाए। इस अवसर पर वीरेंद्र ठाकुर, सुखनंदन राठौर, ऋचा मिश्रा, पद्मश्री तंवर, अरविंद मिश्रा, सत्य प्रकाश तिवारी, विजय यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### तिलक लगाकर विधायक ने कराया स्कूल प्रवेश

**दुर्ग।** आदर्श कन्या उच्च मा स्कूल में आयोजित प्रवेश उत्सव में विधायक गजेन्द्र यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और बच्चों का मंगल तिलक कर उन्हें पुस्तक भेंट किये शाला प्रवेश कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये। आदर्श कन्या स्कूल में प्रवेश उत्सव में विधायक गजेन्द्र यादव ने बच्चों के साथ रूबरू हुए और विद्यार्थी जीवन में शिक्षा और अनुशासन का महत्व बताते हुए अच्छे विद्यार्थी बनने के लिए प्रेरित किए। बच्चों को स्कूल यूनिफार्म, अध्यापन का समय के साथ खेलकूद और व्यायाम पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा की विद्यार्थी जीवन जो हम सीखते है वो जीवनभर काम आता है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की आदर्श कन्या स्कूल दुर्ग में शाला प्रवेश उत्सव में सम्मिलित होकर शिक्षा के पंख लगाकर उड़ने को तैयार नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर अभिनंदन किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। शाला प्रवेश उत्सव बच्चों में स्कूल आने के प्रति नई ऊर्जा का संचार करने शासन की अभिनव पहल है। इस दौरान शाला के खेलए शिक्षा में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मान कर सफलता के पायदान पर बढ़ते रहने उनका हौसला बढ़ाया। बिसराराम यादव ने सोलह संस्कारों में से एक विद्यारंभ संस्कार को बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए अच्छी पहल बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हर मंदिर समिति द्वारा आयोजित होना चाहिए। संतोष चांडक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## स्कीम : तीन माह का किराया एडंवास कराया जाएगा जमा, लेंगे कल से सीधे आवेदन

# नहीं बिकी जलघर और गंजपारा कॉम्पलेक्स की दुकानें, अब निगम देगा इसे किराए पर

**किराए के दुकान की तलाश कर रहे लोगों को नगरनिगम द्वारा बडी स्कीम लाई जा रही है। निगम द्वारा पिछले लंबे समय से आबंटन नही होने वाले दुकानों को तीन माह का किराया जमा कराने के बाद किराए पर दिया जाएगा। शहर में जलघर और गंच चौक काम्पलेक्स सहित डेढ सौ से अधिक दुकानों को किराए पर देने की प्रक्रिया निगम ने शुरू कर दी हैं। इसके लिए आवेदको से आवेदन लिए जाने की तैयारी है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

उल्लेखनीय है कि, शहर में सबसे ज्यादा गले का फांस गंज चौक और जलगृह के पास बने दुकानों को लेकर है। दोनो जगह काम्पलेक्स तैयार करने बीस करोड रूपए से अधिक की राशि फूंकी गई है। लेकिन वर्तमान में निगम को इससे फूटी-कौडी राजस्व नही मिल रही है, उल्टा दुकानों जर्जर हो रही है। यही कारण है कि, अब इन सभी दुकानों को किराए पर देने की कवायद शुरू हो गई है।

पिछले दिनों एमआईसी में इस आशय का प्रस्ताव भी पारित किए जाने के बाद निगम कल से आवेदन लेने की तैयारी में हैं। जानकारी अनुसार नया बस स्टैंड स्थित जलगृह में ही 44 दुकान है, वहीं गंज चौक के पास 74 दुकाने बनाई गई है। इसके आलावा मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना की भी दुकाने, जिसका आबंटन अब तक नही होने के कारण जर्जर स्थिति है। इस तरह करीब सवा सौ दुकानों को किराए पर दिया जाएगा।

इसके पूर्व दुकानों का आबंटन लागत मूल्य और कलेक्टर गाइड लाइन से तुलना कर प्रीमियम राशि वसूल किए जाने के कारण लोग दुकानों को लेने सामने नही आ रहे थे। खासकर गंज चौक काम्पलेक्स और जलगृह के पास स्थित दुकानों की रही हैं। इसके लिए 11 बार निविदा जारी की है। लेकिन निविदाकार दुकानों को महंगा बताकर खरीदने सामने नही आए। यही कारण हैं कि, अब नगरनिगम द्वारा इन दुकानों को किराए पर देने की तैयारी है। इसके लिए तीन माह का किराया एडवांस में जमा कराया जाएगा, वही एग्रीमेंट भी की जाएगी।



### एमआईसी के फैसले के बाद प्रक्रिया शुरू, बढ़ेगा निगम का राजस्व

### कहां कितनी दुकानें समझे

| दुकान | संख्या |
|---|---|
| गंज मंडी शापिंग काम्पलेक्स | 74 |
| जलगृह व्यवसायिक परिसर | 44 |
| न्यू मोती काम्पलेक्स | 08 |
| वाईशेप ओव्हर ब्रीज | 03 |
| रायपुर नाका मुक्तिधाम | 01 |
| महिला समृध्दि बाजार | 12 |
| स्टेट बैंक के पीछे गंज चौक | 74 |



### इसलिए अटका रहा दुकानों का आबंटन

जलगृह काम्पेक्स में 44 और गंज चौक में 74 दुकाने बनी है। यहां के दुकानों का आफसेट मूल्य इसकी लागत के अनुसार तय की गई है, वही कलेक्टर गाइडलाइन के आधार पर हर माह प्रीमियम राशि वसूल करने के प्रावधान के कारण यहां की दुकाने 25 से 30 लाख रूपए तक पड रही थी। बाजार मूल्य के लगभग दुकानों की रेट आने से व्यापारी भी इसमें भाग नही ले रहे थे। व्यापारियों की माने तो दूसरा कारण इसके बनावट को लेकर है, इसे गोदाम की तरह डिजाइन किया गया है। जबकि डिमांड खुले दुकानो की रही है। हांलाकि अब किराए में देने के निर्णय से दुकानों के उठने का दावा अफसर कर रहे हैं।



### किराए पर उठी तो गुलजार होगा बाजार

नगरनिगम के लिए सबसे बडी चुनौती नया बस स्टैंड के जलगृह और गंज चौक काम्पलेक्स रहा है। दोनो को मिलाकर यहां सवा सौ दुकाने है। इसके लिए नगरनिगम ने 11 बार टेंडर निकाला है, लेकिन दुकान नही बिकी। इन दोनो दुकानों को बीस करोड से राशि खर्च कर बनाया गया है, दोनो काम्पलेक्स का निर्माण 2018 में किया गया था। बहरहाल किराए पर अगर सभी दुकाने उठ गई तो बाजार गुलजार हो जाएगा। यहां व्यापारिक गतिविधियां बढ जाएगी और निगम को हर माह लाखो रूपए राजस्व मिलेगा।

### गुमटियों में लगा ताला, आबंटन पर मौन

बहरहाल एमआईसी द्वारा दुकानों को लेकर किराए पर देने का फैसला लिया है। जबकि निगम द्वारा लाखों रूपए खर्च कर बनाए गए गुमटियों में अभी ताला लगा हुआ है। जिसमें राजेन्द्र पार्क और रविशंकर स्टेडियम के सामने पचास से अधिक दुकाने है। पूर्व कांग्रेस की सत्ता में बगैर नियम कायदों के दुकान चेहतों को आबंटन कर दिया गया है। वर्तमान में इन दुकानों पर कब्जा कर ताला जड दिया गया है। जबकि जरूरतमंद दुकानदार सडक किनारे दुकान लगाने को मजबूर है।

### तैयारी चल रही

नगरनिगम में ऐसे दुकान जो लीज पर नही उठ पाए हैं। उन्हें किराए में देने का फैसला एमआईसी से पास हुआ है। जल्द ही आवेदन लेने की प्रकिया शुरू की जाएगी।
**-सुमीत अग्रवाल,** आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

## पटेल चौक से रेलवे स्टेशन तक खदेड़े गए कब्जेधारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम द्वारा एक बार फिर पटेल चौक से रेल्वे स्टेशन रोड किनारे इंदिरा मार्केट तक कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों को खदेडा गया है। इससे पहले भी सडक किनारे कपडा दुकान लगाने वाले दुकानदारों को हटाया गया था। वही नालियों को भी तोडा गया था। लेकिन इसके बाद भी कपडा दुकानदार फिर से दुकान लगा रहे थे, वही मोती काम्पलेक्स तक सडक किनारे जूता चप्पल लगाने वाले करीब 70 से अधिक दुकानदारों को भी सक्ती से हटाया गया है।

- **जेसीबी के जरिए इस बार निगम गुमटियां ही उठाकर ले गए**

निगम दस्ता द्वारा जेसीबी के जरिए एक बार फिर तोडफोड की कार्यवाही की गई हैं। बाजार विभाग अधिकारी भूपेन्द्र गोईर ने बताया कि, कपडा व्यापारियों के आलावा जूता चप्पल के दुकानदारो को हटाया गया है, उन्हें व्यवस्थापन के तहत दूसरी जगह दुकान आबंटन किया गया है। कार्यवाही के दौरान दुकानदार निगम के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन भी कर रहे थे। कपडा दुकानदारों का कहना था कि, उन्हें व्यस्थापन करने के पहले ही हटाया जा रहा है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो रही है।

### तनातनी की स्थिति रही, पुलिस बल रहा तैनात

पटेल चौक से रेल्वे स्टेशन रोड किनारे कब्जा हटाने के दौरान बडी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए थे। हांलाकि इस बीच व्यापारियों और निगम के कर्मचारियों के भी तनातनी की स्थिति थी। लेकिन पूरी कार्यवाही पुलिस जवानों की मोजूदगी भी की गई। इस दौरान जेसीबी के जरिए निगम ने पूरा गुमटियों को ही कब्जे में ले लिया।

### करेंगे व्यवस्थापन

0 दुकानदारों को पहले भी समझाईश दी गई थी। उन्हें व्यवस्थापन दिया जाएगा। लेकिन वे वही पर दुकान लगाने अडे है। **-भूपेन्द्र गोईर,** बाजार अधिकारी नगरनिगम दुर्ग

## बच्चों के फास्टर केयर विषय पर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन अल्टरनेटिव केयर के सहयोग से पोषण देखरेख फॉस्टर केयर विषय पर संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। महिला एवं बाल विकास अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त प्रशिक्षण में राज्य में संचालित पोषण देखरेख कार्यक्रम फॉस्टर केयर प्रोग्राम अंतर्गत उमंग कार्यक्रम के प्रभावी कियान्वयन के लिए हितधारकों की क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षक के रूप में राज्य से डॉ रामचरण चौकसे, कार्यक्रम प्रबंधक, राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण नवा रायपुर, यूनिसेफ से सीईएसी डॉ वसुधरा, मैनेजिंग ट्रस्टी, हितेश कुमार, सोना बर्सन, राज्य प्रोग्राम मैनेजर, फॉस्टर केयर एवं राहुल जेमा उपस्थित रहें।

- **पुनर्वास के लिए बच्चें की जिम्मेदारी असंबंधित परिवार लेता है**

भारत सरकार द्वारा जारी मॉडल फास्टर केयर गाईड लाईन 2024 के प्रावधान अनुसार राज्य में पोषण देखरेख कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य योजना में अंतिम उपाय के रूप में बच्चों के संस्थागतकरण के सिंद्धात के आधार पर कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को परिवार आधारित गैर संस्थागत देखभाल को बढ़ावा देता है। पोषण देखरेख फॉस्टर केयर उक्त योजनाओं में से एक है। पोषण देखरेख अंतर्गत बच्चें की देखभाल संरक्षण और पुनर्वास के लिए बच्चें की जिम्मेदारी एक असंबंधित परिवार द्वारा ली जाती है। ऐसे बच्चें जो किसी कारणवश अपने जैविक माता पिता के साथ नहीं रह पाते उन्हें पारिवारिक वातावरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से बालक कल्याण समिति के आदेश पर गैर नातेदार परिवार में संरक्षण एवं देखरेख उपलब्ध करवाना फॉस्टर केयर या पोषण देखरेख कहलाता है।

## श्री रामदेव मंदिर में स्कूली बच्चों को बांटी गई किताबें, अभिभावक रहे मौजूद

**दुर्ग।** विश्व हिन्दू परिषद मंदिर एवं अर्चक पुरोहित संपर्क विभाग की पहल पर श्री बाबा रामदेव मंदिर समिति गंजपारा एवं रमेश चंद्र फाउंडेशन- हेल्पिंग हैंड संस्था के सहयोग से सामूहिक विद्यारंभ संस्कार कराया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रांत संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिसराराम यादव, रामदेव बाबा मंदिर के अध्यक्ष मुकेश राठी, रमेश चंद्र फाउंडेशन हेल्पिंग हैंड संस्था की प्रमुख डॉ मानसी गुलाटी, डॉ आचार्य नीलेश शर्मा, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष अशोक राठी व सचिव डॉ शंकरलाल दम्मानी, मंदिर संरक्षण समिति दुर्ग के अध्यक्ष दिलीप गुप्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर 135 बच्चों का सामूहिक विद्यारंभ संस्कार कराया गया जिसमें 60 अभिभावक बच्चों के साथ शामिल हुए।

## तिलक स्कूल में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**दुर्ग।** शासकीय तिलक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संकुल के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संस्था प्रमुख, संकुल समन्वयक कमल वैष्णव,शिक्षकगण, छात्रगणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही एसएमडीसी अध्यक्ष, एसएमसी सदस्य दीपेंद्र देशमुख, विकास सेन एवं समिति के सदस्य गणों, एवं पालकों ने भी अपनी महती सहभागिता प्रदान की। नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा कर एवं मिठाई खिलाकर निःशुल्क पुस्तक एवं



गणवेश वितरित किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य असीमा चटर्जी ने बच्चों को अनुशासित जीवन जीने, संस्कारवान बनने एवं लक्ष्य निर्धारण कर उसे प्राप्त करने के लिए सतत प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया एवं पॉक्सो एक्ट एवं विद्यालय में इसके उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी बच्चों एवं पालकों को प्रेषित किए।

## पन्द्रह साल तक करना होता है भुगतान, 21 वर्ष में मिलेगी राशि

# अभियान चलाकर तेरह हजार बालिकाओं का खाता खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत 6 नवंबर से अब तक बालिकाओं का खाता खोलने हेतु अभियान चलाया गया। जिसके तहत जिले में दस हजार से अधिक खाते खोले जा चुके हैं। इस अभियान का उद्देश्य नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों दोनों में बेटियों की शिक्षा और भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित करना है।

- **सुकन्या समृद्धि योजना से लभान्वित हो रही महिलाएं**

महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में माह नवम्बर 2024 में सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत महतारी वंदन योजना से लाभांवित हो रही महिलाओं के सहयोग से 13000 बालिकाओं का खाता खुलवाया गया। अब तक वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14887 बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खाता खुलवाया जा चुका है। जिले के पाटन विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सांतरा एवं अचानकपुर में लगभग सभी बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खुलवाया जा चुका है। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री शैल ठाकुर तथा समस्त परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया गया है।




### डाकघरों की भी रही भागीदारी

योजना के क्रियान्वयन के तहत, जिले के 59 सेक्टरों में डाकघरों की मदद से 118 विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों को योजनाओं की जानकारी दी गई और बेटियों के लिए खाता खोलने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया। विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर जानकारी दी गई और लोगों को प्रोत्साहित किया गया। जिला प्रशासन ने अपील की है कि, अधिक से अधिक अभिभावक इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सशक्त बनाएं।

### दस वर्ष में खोले जाते हैं खाता

बालिकाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनकी शिक्षा व विवाह हेतु बचत को प्रोत्साहित करने के लिए यह योजना संचालित है। इस योजना के अंतर्गत खाता बालिका के नाम पर 10 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक खोला जा सकता है एवं एक बालिका के नाम पर एक ही खाता डाकघरों और अधिकृत बैंकों में खोला जा सकता है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम जमा राशि 250 रूपये एवं अधिकतम जमा राशि 1.50 लाख रूपये है। इसमें ब्याज दर सामान्य ब्याज दरों की तुलना में अधिक होती है।



# भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में जुटे श्रद्धालु, लिया आशीर्वाद

## युवाओं ने महाप्रभु जगन्नाथ की निकाली रथयात्रा, उमड़े भक्तगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



नगर में युवाओं द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। रथयात्रा ने नगर की पुरानी बस्ती, बजरंग चौक, हाउसिंग बोर्ड से होते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया । इस दौरान भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। समिति के हीरा सिन्हा ने बताया कि पुरखों की परंपरा को आज भी स्थानीय युवा पीढ़ी ने बरकरार रखा है। माना जाता है कि भगवान महाप्रभु जगन्नाथ अपने सच्चे भक्तों से मिलने के लिए रथयात्रा के दिन स्वयं आते है। इस रथ यात्रा में समिति के भानु प्रताप (कालू) सोनकर, सुखदेव यादव ,राजेश सोनकर, चैतू राम चक्रधारी, हीरा सिन्हा, सुनील यादव , गिरीश सोनकर, पीयूष सोनकर,, यश चक्रधारी, सुशांत चक्रधारी, यादव, गिरीश सोनकर, पीयूष सोनकर, यश चक्रधारी एवं सुशांत चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

## भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकली धूमधाम से



अंडा। विष्णु धाम महायज्ञ मंदिर ओटेबंद सिरसिदा जगभाठा में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा धूमधाम से मनाई गई। सुभद्रा देवी बलभद्र देव भव्य रथ यात्रा ग्राम ओटेबंद,सिरसिदा एवं आस पास के गांव में रथ यात्रा निकाली गई। आस पास से दर्शनार्थी बहुत अधिक संख्या में उपस्थित हुए। मंदिर में सुबह महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का अभिषेक पूजन किया गया। इसके पश्यात भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा ने रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन दिए। बैंड-बाजे के साथ भक्ति भाव से भगवान के रथ को ओटेबंद में भ्रमण कराया गया। रथ को खींचने व महाप्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। महिला, पुरुष, बच्चों सहित सभी ने आयोजन में भागीदारी निभाई। रथ यात्रा के आनंद उत्सव में नृत्य करते हुए भक्त भाव विभोर हो रहे थे। मंदिर के सदस्य लवकुश, बबला, गुड्डु, बीरेन्द्र, पुरूषोत्तम, भगवान सिंह, दुर्गा प्रसाद, लोकेश्वर, भोलू, शेर सिंह , इन्द्र जीत चन्द्राकर, रामायण प्रसाद, शिव कुमार, भोला महाराज, आदर्श पांडे। अन्य ग्रामीण जन आर्यन, अंकुश, अमन, यश, जैश, डेनिश, ठाकुर सिंह, गौरव आदि शामिल थे।

## अंचल व भिलाई की खबरें

### भाजपा मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित



**धमधा।** भारतीय जनता पार्टी धमधा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट ने धमधा मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति,जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल और जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के अनुमोदन से की गई इस घोषणा में मंडल उपाध्यक्ष मंजू धीवर, कोमल मरकाम, प्रीतम यादव, देवनाथ सिन्हा, महामंत्री बनऊ वर्मा, छगन साहू, मंडल मंत्री जितेंद्र देवांगन, मनोज साहू, लिकेश्वरी चंदेल, मनीषा ताम्रकर, कोषाध्यक्ष आरुणि दानी, सहकोषाध्यक्ष मोहन पटेल, कार्यालय मंत्री पवन देवांगन, सह कार्यालय मंत्री मुंगेश्वर वर्मा, मीडिया प्रभारी आदित्य ताम्रकर, सह प्रभारी दयानंद सिन्हा, सोसल मीडिया प्रभारी अरुण सिंह राजपूत, सह प्रभारी भूपेंद्र साहू, आई टी सेल अनिल सोनी, सह प्रभारी करण ताम्रकर को मंडल में दायित्व दिया गया। जहाँ सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर संगठन को धन्यवाद ज्ञापित किया। मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने कहा कि नई कार्यकारिणी पार्टी की नीतियों के अनुरूप काम करेगी एवं सभी पदाधिकारी जनसेवा को प्राथमिकता देंगे। वे संगठन की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे।

### अंडा में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान शुरू



**अंडा।** सनराइज पब्लिक स्कूल ग्राम अंडा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शिक्षक व प्राचार्य के साथ पालक व विद्यार्थियों ने स्कूल मैदान में पौधरोपण किया। प्रिंसिपल जितेंद्र साहू ने पौधा रोपण का महत्व बताकर पृथ्वी के बढ़ते तापक्रम, बदलते मौसम, ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से विद्यार्थियों को अवगत कराया, व पर्यावरण के संरक्षण के महत्व को बताया। इस अवसर पर ग्राम-अंडा, अछोटी, चिंगरी, जंजगिरी, द्वारिकाडीह और कुथरेल के पालक व विद्यार्थी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान में भाग लिया। पौधें व प्रकृति की सुरक्षा का भी संकल्प लिया।

### विचक्षण जैन विद्यापीठ के छात्रों की शानदार जीत



**कुम्हारी।** विचक्षण जैन विद्यापीठ, कुम्हारी के विद्यार्थियों ने एसओएफ गणित ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यार्थी आगम पारख, आरीका पारख, तनिष्का चंद्राकर, ऐशानी वाधवानी, प्रीशा जैन, वर्षा चौधरी, जिनित जैन, कृतिका राखेचा, धैर्य जैन, याचना पटेल की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप



### शोकाकुल परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की

**सेलूद।** ग्राम पंचायत देवादा सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने गांव के कुमारी निर्मल के आकस्मिक निधन पर शोकाकुल परिवार को 1 कट्टा चांवल एवं 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। सरपंच के द्वारा किए जा रहे अनुकरणीय पहल के बाद अब गांव के अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी गांव के जरूरतमंद परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हे संबल प्रदान कर रहे है।

### अवैध शराब बेचते पकड़ाया

**भिलाई-कुम्हारी।** ग्राम पंचायत कपसदा में अवैध शराब बेचते रंगे हाथ पकड़ा गया है। जिसको कुम्हारी थाना के सुपुर्द किया गया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला-दुर्ग**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क./. 202504104700091/
ब-121/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि:- आवेदक - श्री धनराज चंद्रवंशी पिता श्री बलराम जाति-सतनामी उम्र 45 वर्ष निवासी- ग्राम-ढौर (छ.ग.) तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कया है कि ग्राम ढौर प.ह.नं.-12, रा.नि.मं.- जेवरा सिरसा में स्थित भूमि खसरा नंबर 1859/4, 1859/5 रकबाः क्रमशः- 0.0400, 0.1900 हे. भूमि आवेदक एक अन्य सहखातेदारों शामिलात नाम वो स्वामित्व में भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा में बटांक गलत हो गया है जिसे सुधार कर 1859/4 की जगह नक्शे में 1859/5 किया जावें एवं खसरा नंबर- 1859/4 रकबा 0.04 हे. कब्जे के आधार पर सही किये जाने एवं नक्शा बंटाकन में हुई त्रुटि को सुधार किये जाने के संबंध में आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 04/07/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यावालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/06/25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक-25/06/2025
सुनवाई दिनांक-04/07/2025

अति. तहसीलदार
दुर्ग, 01

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**

(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)

वादक्रमांक-RCA/11/25 प्रो.क्र.- 348/25
पेशी दिनांक- 30/07/2025

न्यायालय- यशवंत कुमार सारथी तृतीय जिला न्यायाधीश जिला- दुर्ग (छ.ग.)

आवेदक- कमला बाई वगै. अनावेदक- आमजनता

बनाम- दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि के माध्यम से उपस्थिति (तामिली) सूचनार्थ

क्योकि वादी/आवेदक ने आपके विरूद्ध RCA/11/2025 आम जनता उपस्थिति सूचनार्थ का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 30 माह 07 सन 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जज
यशवंत कुमार सारथी
तृतीय जिला न्यायाधीश
जिला- दुर्ग (छ.ग.)

(मुहर)

## परेशानी : लाइन को तत्काल सुधार करने अधिकारियों से की मांग

# अघोषित बिजली कटौती से खेतों में नहीं पहुंच रहा पानी, आक्रोशित किसानों ने बिजली आफिस घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

*पाटन क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच गई है। यहां के किसान गांव में ज्यादातर समय बिजली कटौती से परेशान नजर आ रहे है , लगातार बिजली कटौती के कारण खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इस समस्या को लेकर तरीघाट के किसानों ने शनिवार को बिजली दफ्तर का घेराव कर दिया और बिजली विभाग के अधिकारियों को तत्काल बिजली कटौती में सुधार करने की मांग करते हुए अधिकारियों से चर्चा कर जल्द से जल्द लाइन को दुरुस्त करने की बात कही।*

वहीं इस पूरे मामले पर एक लाइनमैन की कर्तव्य निष्ठा संदेह के दायरे में है इसके कार्यों में भारी लापरवाही देखी गई , जिसके कारण ही किसान हताश हो गए हैं। किसानों की समस्याओं को अनसुना कर देते हैं,अगर किसान मोबाइल फोन के माध्यम से जानकारी देने के लिए चाह रहे हो तब भी वे फोन रिसीव नहीं करते ,इससे किसान दुविधा में पड़ जाते हैं। अगर वे फोन अटेंड कर भी ले तो लिखित में सब स्टेशन पर शिकायत करने की बात कहते हैं, वे किसानों के समस्याओं का हल समय पर भी हल नहीं निकाल पा रहे। जिसके वजह से अघोषित बिजली कटौती का दौर बदस्तूर जारी रहता है। आज किसानों ने इस ओर बिजली विभाग का ध्यान आकर्षण कराया और कहा कि इस लाइनमैन का तबादला अन्यत्र किया जाए और नए लाइनमैन की नियुक्ति सोनपुर फीडर और केसरा फ़ीटर पर की जाए, जिससे कि बिजली व्यवस्था सुदृढ़ बनाई जा सके ,समय पर बिजली मिलती रहे।



### अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान



लगातार देखा जा रहा है कि पाटन क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती जारी है वहीं घर वाले बिजली का भी यही हाल , वर्तमान में खार के लाइन में भी कटौती की जा रही है, जिससे कि खेतों में पानी पल नहीं पा रहा, उसे किसान बेहद निराश नजर आ रहे हैं क्योंकि खरीफ फसल की तैयारी में उनको विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### समस्याओं का जड़ लाइनमैन की कार्यों में लापरवाही, फील्ड पर नहीं दिखते

पाटन क्षेत्र के सोनपुर फीडर के ज्यादातर गांव में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं , वहीं सोनपुर फीडर में का मामला अलग चल रहा है। यहां पर पदस्थ लाइनमैन ने अपने पदस्थ स्थान पर ड्यूटी नहीं करते वे अपने समय पर आते हैं और चले जाते हैं, ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होने के कारण ही अव्यवस्था हो जाती है। वे किसानों के साथ संपर्क नहीं रखते, इनके कार्यों में लापरवाही बरतने की शिकायत मिलती रहती है यही कारण ही बिजली कटौती हो या मेंटेनेंस के कार्यों में सही समय पर नहीं हो पा रहा जिसे चलते किसान परेशान है।

### तरीघाट के किसान पहुंचे बिजली कार्यालय

लगातार बिजली कटौती से किसान परेशान हो गए हैं। इसी के चलते आज उन्होंने बिजली दफ्तर पाटन पहुंच कर अपनी समस्याओं को अधिकारियों को अवगत कराया। जिसमें उन्होंने अपनी बात रखी है , ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग को नियमित:18 घंटे बिजली दी जानी और 5 घंटे कटौती होनी चाहिए परंतु उन्हें 18 घंटे से कम बिजली दे रहे है। इसकी वजह से खेतों में पानी नहीं पल पा रहा और किसानों को खेती की तैयारियां करने में दिक्कत आ रही है। भविष्य में रोपाई का काम भी शुरू होने वाला है,इसके चलते खेती में देरी होते जा रही है। इसी के चलते किसान आक्रोशित हो गए हैं,और बिजली दफ्तर पहुंचे।

# खरीद प्रणाली को उत्तरदायी बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ बीएमडीसी में प्रशिक्षण कार्यशाला

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र (बीएमडीसी) में पीसीपी सामग्री खरीद प्रक्रिया विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने 24 जून 2025 को किया। विशेष अतिथि एसीवीओ सुनील सिंघल थे। प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न विभागों के 32 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान केस स्टडी, समूह चर्चा और व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से सामग्री खरीद के विभिन्न चरणों पर जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि बदलते व्यावसायिक परिवेश में खरीद प्रणालियों को अधिक सुव्यवस्थित और उत्तरदायी बनाए जाने की आवश्यकता है। संशोधित पीसीपी-2024 फ्रेमवर्क संहिताकरण से लेकर बजट, निविदा और मूल्यांकन तक की प्रक्रिया में स्पष्टता और संरचना प्रदान करता है। विशेष अतिथि सुनील सिंघल ने कहा कि प्रक्रियात्मक समझ को सुदृढ़ करना और जागरूकता फैलाना परिचालन अनुशासन और उत्तरदायित्व को सशक्त करता है। जीएम सौरभ वार्ष्णेय द्वारा, संजीव कुमार श्रीवास्तव ने भी विचार व्यक्त किए। सत्र का संचालन उप प्रबंधक सुस्मिता पाटला ने किया।

### जनता के साथ भाजपा कार्यकर्ता आज सुनेंगे मोदी की मन की बात

**दुर्ग।** बीजेपी दुर्ग ने 29 जून को होने वाली मन की बात कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। जिला संयोजक संतोष सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले दिनों हुई 122वीं मन की बात बेहद प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक रही। इस कार्यक्रम ने देशभर के नागरिकों में सकारात्मक ऊर्जा और राष्ट्रप्रेम का संचार किया। जिला भाजपा के मन की बात कार्यक्रम जिला संयोजक संतोष सोनी व सह संयोजक रज़ा खोखर ने बताया कि 29 जून दिन रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम के 123 वें एपिसोड के श्रवण हेतु जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में समस्त 17 मण्डल के समस्त बूथ में व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। इस दौरान जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा नेता भी मौजूद रहेंगे।

### कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने किया जवाहर वर्मा का स्वागत



**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री और पाटन विधायक भूपेश बघेल ने कांग्रेस नेता जवाहर वर्मा को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्री वर्मा जनपद पंचायत पाटन की सामान्य सभा में विधायक प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए। इससे पहले विश्राम गृह पाटन में कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने विधायक प्रतिनिधि बनने के बाद पहली बार बैठक में शामिल होने पाटन आगमन पर जोशीला स्वागत किया। इस अवसर पर आनंद बघेल, दिनेश साहू, रश्मि वर्मा, उर्वशी वर्मा, भेद प्रकाश वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।


## कलश यात्रा में शामिल हुए ग्रामीणजन

# सार्वजनिक शिव मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



गांधी नगर ग्राम अंडा में शुक्रवार को गाँधी भाटा तालाब के पास सार्वजनिक नवीन शिवमन्दिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह हुआ। इस अवसर ग्राम पुरोहित पंडित रविंद्र पांडे ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शिवलिंग की स्थापना की। समारोह में ग्राम शीतला मंदिर कलश यात्रा में जल लाया गया जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। इसके बाद, वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर भगवान शिव के साथ माता पार्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय की प्रतिमाएं भी स्थापित की गईं। कार्यक्रम के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद पंडित रविंद्र पांडे के निर्देशन में अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की प्राण- प्रतिष्ठा की। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिक्षक डी. पी चन्द्रकार, डॉ एन के साहू, अमित चन्द्रकार,डॉ सिन्हा,शिक्षक शंकर लाल ठाकुर,शीतल साहू,राजेंद्र कुमार साहू,बलराम साहू, बीरेंद्र साहू, डीकेश साहू, नारद साहू,युवराज साहू, दिलीप साहू आदि मौजूद थे।



# अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के लिए प्रशासन ने भेजा प्रस्ताव, अब बीसीसीआई लेगी जायजा

## रविशंकर स्टेडियम बनेगा इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड, लीज पर लेगी बीसीसीआई, बीसीसीआई के साथ साझेदारी में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

अलग खबर

पं रविशंकर स्टेडियम को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान के रूप में तब्दील करने की प्रक्रिया अब जोर पकडने लगी है। दो दिन पहले ही जिला प्रशासन द्वारा रविशंकर स्टेडियम का सर्वे रिपोर्ट तैयार कर बीसीसीआई मुंबई को भेजा गया है। प्रशासन कीम माने तो बीसीसीआई के विभिन्न मापदंड के तहत जानकारी मांगी गई थी, जिसके आधार पर रविशंकर स्टेडियम की संरचना की जानकारी भेजी गई है। अफसरों का कहना है कि, प्रस्ताव पर अगर सहमति बनी तो जल्द ही बीसीसीआई की टीम मैदान को हैंडओवहर करने की प्रक्रिया शुरू कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि, शहर के ऐतिहासिक पं रविशंकर स्टेडियम अब अंतराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट मैदान बनेगा। विगत दिनों जिला क्रीडांगन समिति की बैठक में यह तय हुआ था कि, आगामी 33 साल के लिए स्टेडियम मैदान को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) को लीज पर दी जाएगी। पं रविशंकर स्टेडियम के जीणोध्दार की लगातार मांग की जा रही थी। जर्जर स्थिति में तब्दील इस मैदान को लेकर खेल प्रेमियों में भी निराश झलक रही थी। इस मसले को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव ने बीसीसीआई से लगातार संपर्क किया था। बीसीसीआई के मापदंड अनुसार खेल मैदान बनने से यहां मैच भी अंतराष्ट्रीय स्तर के होगें। यहां रणजी लेवल व टेस्ट मैच भी होगें। इससे दुर्ग की पहचान खेल की दृष्टिकोण से देश नही बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोडेगी।

### 33 साल की लीज पर देंगे मैदान

इससे पहले रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय स्टेडियम को भी बीसीसीआई ने निगरानी में लिया गया और वहां आईपीएल भी हुए। ठीक इसी तरह दुर्ग में भी बीसीसीआई कार्य करेगी। कलेक्टर ने अवगत कराया कि, रविशंकर स्टेडियम को 33 साल के लिए बीसीसीआई को लीज पर दिया जाएगा। बीसीसीआई द्वारा स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा।



### सर्वे रिपोर्ट अनुसार ये इलाके होंगे प्रभावित

जिला प्रशासन द्वारा तैयार किए गए सर्वे रिपोर्ट के अनुसार निर्माण के लिए स्टेडियम परिसर, मानस भवन व नगर चौपाटी के अलावा दादा दादी-नाना नानी पार्क, जठार क्लब और राजेन्द्र पार्क तक चारों ओर से सड़क से घिरे इलाके चिन्हित किया गया हैं। लेकिन वर्तमान में यहां आसपास के कई इलाके अतिक्रमण से घिरे हुए है। जानकारी अनुसार अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में प्रवेश द्वार, हॉस्टल, प्रैक्टिस एरिया सहित अन्य निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा बास्केट बाल, बैडमिंटन व अन्य खेलों के अलावा पार्किंग के लिए भी जगह निर्धारित किए जाएंगे। मैदान बनने से बाहर से आए लोगों को होटलों की जरूरत होगी, जिससे आसपास का इलाका भी व्यवसायिक दृष्टिकोण से आगे बढेगी।

### भेजे गए प्रस्ताव

दो दिन पहले ही जिला प्रशासन द्वारा बीसीसीआई मुंबई को प्रस्ताव भेजा गया हैं। जिसके बाद आगे बीसीसीआई की टीम निरिक्षण में आएगी।
**-गजेन्द्र यादव,** शहर विधायक दुर्ग

### सर्वे किया गया

विगत दिनों पं रविशंकर स्टेडियम के आसपास के इलाको को सर्वे किया गया था। रिपोर्ट तैयार कर प्रस्ताव भेजा जा चुका है।
**-हरवंश मिरी,** एसडीएम दुर्ग


सफेद दाग
(ल्यूकोडर्मा) का लेसर द्वारा ईलाज
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## खबर संक्षेप

### बीएसपी के 21 कार्यपालकों को दी गई विदाई



**भिलाई।** बीएसपी के खदानों सहित विभिन्न विभागों में पदस्थ 21 कार्यपालकों के 30 जून को सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में उन कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। कार्यपालक एस मुखोपाध्याय, पवन कुमार तथा सेफी चेयरमेन और ओए-बीएसपी के अध्यक्ष एन के बंछोर ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश और सेवा प्रमाण पत्र प्रदान किया और उनके स्वस्थ एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों में शामिल हैं-महाप्रबंधक गण पूर्ण चंद्र बाग, विजय कुमार शर्मा, सुधाकर नंदकर, रमेश प्रसाद अहिरवार, सुमिता डे, सनत कुमार बाला, एजीएम प्रशांत जोशी, सुभाष भाई पटेल, डोमार सिंह साहू, बीजू जॉर्ज, जय प्रकाश पांडे, सहायक महाप्रबंधक प्रवींद्र कुमार कांबले, शांति स्वरूप मिश्रा, रजत कुमार बनर्जी, भीमराव फुसे, वरिष्ठ प्रबंधक प्रशांत कुमार देशपांडे, वरिष्ठ प्रबंधक के निखाले, वरिष्ठ प्रबंधक ताल सिंह वर्मा, प्रबंधक अजीत कुमार किंडो, प्रबंधक अरविंद ताराचंद रामटेके, जेओ गोवर्धन लाल टंडन।

### नहीं रहे प्रो. भवानी शर्मा

**भिलाई।** कल्याण महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. भवानी प्रसाद शर्मा 89 वर्ष का निधन हो गया। वे उर्वशी शर्मा के पति, आशीष शर्मा, स्मृति गौरहा और प्रीति शर्मा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम दुर्ग में किया जाएगा। अंतिम यात्रा रविवार को प्रोफेसर कालोनी प्लाट 15 नेहरुनगर से दस बजे निकलेगी।



## कई विभागों में नहीं है विशेषज्ञ, पैरामेडिकल स्टॉफ की किल्लतें

# सेक्टर-नौ जेएलएन अस्पताल की गिरती सेहत मरीजों पर भारी पड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

बीएसपी सेक्टर 9 हास्पिटल की गिरती सेहत मरीजों पर भारी पड़ रही है। अस्पताल में चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की किल्लत के साथ चिकित्सा विशेषज्ञों का भी टोटा बना हुआ है। इससे मरीजों को बाहर के निजी अस्पतालों में रेफर होने मजबूर होना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में पिछले कई वर्षों से भर्ती होने और लगातार सेवानिवृत्ति से जेएलएन अस्पताल सेक्टर नौ डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी बनी हुई है। यूनियनों के मुताबिक अन्य उपक्रमों की तुलना मे सेल में वेतन कम होने से भी यहां डाक्टरों की रुचि कम होती है। पिछले दस साल में आधे से अधिक चिकित्सक व नर्सें, वार्ड ब्याय और टेक्निशियन, फार्माशिस्ट आदि स्टाफ रिटायर हो चुका है। करीबन आधा दर्जन चिकित्सा विशेषज्ञों के पद रिक्त हैं। इसकी कुछ भरपाई आउटसोर्स से डाक्टरों को हायर कर की जा रही है। लेकिन मरीजों की तादाद के हिसाब से न तो चिकित्सक हैं और न ही पैरामेडिकल स्टाफ ही है। इसके चलते यहां इलाज कराने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हार्ट, गायनो, न्यूरो फिजिशयन, गेस्ट्रो, मनोरोग आदि विभागों में चिकित्सा विशेषज्ञ नहीं हैं। इस कारण यहां इलाज कराने वाले संयंत्रकर्मियों व परिजनों को अन्य महंगे अस्पतालों का रुख करने मजबूर होना पड़ रहा है। मेडिक्लेम की बैसाखी से काम चलाया जा रहा है।




### पैरामेडिकल स्टाफ का टोटा

अस्पताल में डाक्टरों की तरह पैरामेडिकल स्टाफ की भी किल्लत बढ़ती जा रही है। पिछले एक डेढ़ दशक में नर्सों की संख्या बीस से पच्चीस फीसदी कम हो जाने से कार्यरत नर्सों पर वर्कलोड बढ़ा है। नर्सें रोज ट्रेनिंग के लिए आने वाली नर्सिंग कालेज की स्टूडेंट पर निर्भर हो गई हैं। यूनियनों के मुताबिक चादर बदलने, मरीज को टेबलेट देने, बाटल चढ़ाने आदि का काम में नर्सिंग छात्राएं हाथ बंटा रही हैं।

### हार्ट के मरीजों की बढ़ी परेशानी

सेक्टर नौ हास्पिटल में सबसे ज्यादा दिक्कत हार्ट के मरीजों को हो रही है। अस्पताल में एक हार्ट स्पेशलिस्ट दिल्ली से पंद्रह दिन में एक बार ओपीडी करते हैं। दो अन्य डाक्टर रायपुर के एक निजी अस्पताल से आउटसोर्स पर हैं। कोई बीएसपी का फुलफील हृदय रोग विशेषज्ञ नहीं होने से यहां भर्ती होने वाले मरीजों को बाहर के अस्पतालों में रिफर किया जाता है। खासकर रात में हार्ट स्पेशलिस्ट नहीं होने से आने वाले मरीजों को मेडिसीन डाक्टर के भरोसे रहना पड़ता है या फिर अन्य अस्पताल में जाने की सलाह दी जाती है।

### मनोरोग विभाग हुआ खाली

पिछले पचास साल से संचालित मध्यभारत का सबसे बड़ा मनोरोग विभाग अब करीबन खाली हो चुका है। यहां के कई मनोरोग विशेषज्ञों के रिटायर होन के बाद नए डाक्टर नहीं नियुक्त किए गए। पंद्रह बीस साल पूर्व तक यहां प्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ डां, सहगल, डां, अशोक त्रिवेदी, डां, शैल वर्मा, डां. विश्वास, डां. सिकदार आदि थे, जिनके रिटायर बाद इनके अनुपात मे भर्ती नहीं होने की कीमत मरीजों को चुकानी पड़ रही है। गौरतलब हो कि करीब 30 पूर्व मनोरोग विभाग सेक्टर-1 बीएसपी अस्पताल में हुआ करता था। यहां इलाज कराने ना सिर्फ ट्विनसिटी बल्कि प्रदेश से बाहर से भी लोग आया करते थे।

हफ्ते में एक दिन व्रत

## आहार अनुशासन में छिपी है मैत्रीबाग के जानवरों की खूबसूरती व तंदुरुस्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

पर्यटकों को रोमांचित करने वाले मैत्रीबाग जू के जानवरों की तंदुरुस्ती और खूबसूरती का राज उनका खाने को लेकर कड़ा अनुशासन है। चिड़ियाघर के मांसाहारी जानवर हफ्ते में एक दिन व्रत रखते हैं। इससे विपरीत मौसम का उन पर दुष्प्रभाव नहीं पड़ता और वे सदा सेहतमंद बने रहते हैं।

उल्लेखनीय है कि मैत्रीबाग चिड़ियाघर में जानवरों को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखने के लिए देखभाल के साथ संतुलित आहार पर भी नजर रखी जाती है। लायन, टाइगर, भालू आदि जानवर चिड़ियाघर का प्रमुख आकर्षण होते हैं। इस कारण इनकी सेहत व चपलता का खास ध्यान रखा जाता है। मैत्रीबाग में सभी परिंदों के साथ डाइट चार्ट बना हुआ है। विशेषज्ञों के मुताबिक गर्मी या बारिश के मौसम में हाईप्रोटीन मांस खाने वाले जानवरों को हाजमा खराब होने से बचाने के लिए खास ध्यान रखा जाता है। इसके तहत मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा टाइगर, लायन, पैंथर,लकड़बग्घे, लोमड़ी, भेड़िया आदि जानवरों को हफ्ते में एक दिन भोजन नहीं दिया जाता । यह जानवर रोज दोनों टाइम तीन से चार किलो गोट खाते हैं। गोट में से तंदुरुस्ती बढ़ती है लेकिन पाचन खराब होने भी आशंका रहती है। इस कारण इन जानवरों हर सोमवार को एक वक्त यानी शाम को आहार नहीं दिया जाता। आहार में संतुलन व अनुशासन से उनकी तंदुरुस्ती व सक्रियता बनी रहती है। चिड़ियाघर में 8 वाइट टाइगर सहित दर्जनभर आकर्षक जानवर हैं।



### परिंदों को ग्रेन व सब्जी

मैत्रीबाग में तोतों, लवबर्ड्स व मोर आदि दो दर्जन परिंदों को खाने में दाने और हरी सब्जियां और फल दिए जाते हैं। इन पक्षियों को ज्वार, बाजरा, चना और चोकर व भाजी, पत्ता गोभी , जामआदि आहार दिए जाते हैं। लेकिन क्रोकोडायल, घड़ियाल, पेलिकान, उल्लू, चील व बाज आदि को मछलियां खाने के लिए दी जाती हैं। मैत्रीबाग प्रभारी महाप्रबंधक डां. एनके जैन बताते हैं कि लायन टाइगर आदि जानवरों को एक जून यानी सोमवार को खाना नहीं दिया जाता है। इसकी वजह रोज हाईप्रोटीन मांस से पाचन खराब होने से बचाने के साथ उनकी तंदुरुस्ती को बनाए रखना है।

संविधान चौक का लोकार्पण

## जनगीत से जननायकों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

रिसाली सेक्टर के हॉस्पिटल चौक में छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन के द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस एवं सविधान चौक लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर शशि सिन्हा, सभापति केसव बंछोर, एमआईसी संजू नेताम, जमुना ठाकुर, सनीर साहू, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र परगनिया उपस्थित थे। संविधान प्रस्तावना की व्याख्या कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। देवेंद्र ने भारतीय संविधान से समस्त देशवासियों को मिली उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। महापौर शशि सिन्हा ने संविधान चौक के सौंदर्यीकरण के लिए 4 लाख रुपए राशि की घोषणा की। वीरांगना रानी दुर्गावती को आत्मसात करने की अपील की। प्रवक्ता सारदा रामटेके ने रानी दुर्गावती के जीवनसंघर्ष पर प्रकाश डाला। दिनेश्वरी भुआर्य ने जनगीत के माध्यम से जननायको को याद किया। राजेन्द्र परगनिया ने स्वागत भाषण किया। मंच संचालन चन्द्रकला तारम व सीमा साहू ने किया। इस अवसर पर पल्लवी ठाकुर, दीपेश्वरी चनाप डालिया ढाले, प्रमिला सुधाकर, सविता मेश्राम, मुलेश्वरी कोलियारा, बसंती लता साहू आदि मौजूद थे।




### सीमांचल बेहरा ने ग्रहण की भिलाई इस्पात मजदूर संघ की सदस्यता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात मज़दूर संघ द्वारा सेक्टर-6 स कार्यालय में सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। गया। भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त हुए संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सह सचिव बिश्वास सिन्हा तथा प्रमोद कुमार राय का सम्मान किया गया। संघ के महामंत्री चन्ना केशवलू व पदाधिकारियों द्वारा फूल-माला एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी ने उनके योगदान को सराहा। इस अवसर पर सेक्टर-2 सोसायटी के अध्यक्ष श सीमांचल बेहरा ने भिलाई इस्पात मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष आई.पी. मिश्रा,डिल्ली राव , सुधीर गडेवाल , मृगेंद्र कुमार, विनोद उपाध्याय; संयुक्त महामंत्री वशिष्ठ वर्मा आदि उपस्थित थे।



### बीहेवियरल इंटरवेंशन, मजबूत होगी सुरक्षा संस्कृति

**भिलाई।** बीएसपी में मजबूत और सतत सुरक्षा संस्कृति को विकसित करने के उद्देश्य से कार्मिकों और अधिकारियों द्वारा निरंतर पहल की जा रही है। विभिन्न विभागों में सुरक्षा प्रोत्साहन और सहभागिता (एसइइ) राउंड्स के माध्यम से निरीक्षण किया जा रहा है, जिसे बीहेवियरल इंटरवेंशन (बीआई) के नाम से जाना जाता है। बीआई के तहत जब कोई कर्मी कार्यस्थल पर असुरक्षित गतिविधियों में संलग्न पाया जाता है, तो उसे तत्काल रूप से समझाया जाता है और भविष्य में केवल सुरक्षित कार्य पद्धति अपनाने के

## हिंदी आधारित स्पर्धा के प्रतिभागी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के संपर्क व प्रशासन - राजभाषा विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्र के भूतल सभागार में बीएसपी के हिंदी समन्वय अधिकारियों और तिमाही रिपोर्ट भरने वाले कार्मिकों के लिए तिमाही रिपोर्ट ऑनलाइन प्रविष्टि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक सौमिक डे ने कहा कि हमारा सभी वार्तालाप हिंदी में ही होता है, आवश्यकता केवल हिंदी में लिखने, पत्राचार, नोटशीट एवं टिप्पण लेखन आदि हिंदी में करने की है। ऑनलाइन प्रणाली आज की आवश्यकता है, जिसके माध्यम से हम न केवल काग़ज़ की बचत कर पेड़ों को बचाने का कार्य करके पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दे सकते हैं।



### कार्मिक हुए पुरस्कृत

प्रशिक्षण सेक्शन एसोसिएट धनंजय कुमार मेश्राम ने दिया। कार्यशाला में हिंदी के अभ्यास के लिए सामान्य ज्ञान, पर्यावरण में हिंदी पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम पुरस्कार सहायक प्रबंधक धनराज कुमार साहू, द्वितीय सहायक प्रबंधक मयंक कुमार कर्महे, तृतीय संजीव कुमार को मिला। कार्यशाला में विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारीगण संजय कुमार डोकानिया, महाप्रबंधक जेवियर बेक, कमल कुमार, उमाशंकर परगनिहा, विनीत कुमार सिन्हा आदि अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

### सत्र न्यायाधीश ने कहा-वीसी से करें सुनवाई

**दुर्ग।** मुख्यालय स्थित केन्द्रीय जेल दुर्ग का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला दुर्ग द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उन्होंने बंदियों के परिजनों से मिलने हेतु बनाये गये। मुलाकात कक्ष, जेल में संचालित लीगल एड क्लीनिक, प्रशासनिक प्रबंधन, बंदी कक्षों की स्थिति, उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, पाकशाला और भोजन की गुणवत्ता का सूक्ष्म अवलोकन किया। उनके द्वारा नए आपराधिक विधियों के तहत बंदियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कराने पर जोर दिया गया, जेल पैरालीगल वालेंटियर से किए जाने वाले कार्यों एवं नव आगंतुक बंदियों को दिए जाने वाले विधिक जानकारी के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने बंदियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी दैनिक दिनचर्या से संबंधित जानकारी प्राप्त की। नव आगंतुक बंदियों को उनके प्रकरण से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के विषय में बताया गया तथा जो बंदी निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता सलाह प्रदान कर उनकी पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की नियुक्ति किए जाने की जानकारी दी गई।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

पीएम आवास का किया निरीक्षण


## सरकारी आवास देखने पहुंचे संभाग आयुक्त बिजली-पानी के जल्द इंतजाम के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शनिवार को सूर्या मॉल के पीछे निर्मित आवास का निरीक्षण कियाा। मौके पर आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने उन्हें आवासों के बारे ममें जानकारी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक अंतर्गत 1120 यूनिट सूर्य विहार के पीछे और 810 यूनिट माइलस्टोन के पास आवासों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। राठौर ने 1120 यूनिट अंतर्गत निर्माणाधीन मकान को जल्द पूरा करने कहा। उन्होंने कहा कि जो हितग्राही शिफ्ट हो गए हैं उनके स्थाई रूप से पानी, बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वे 810 यूनिट माइलस्टोन के पास के आवासों को भी देखने के लिए गए। निगम भिलाई को पूर्ण किशत जमा किए गए लगभग 115 हितग्राहियों के मकान को पहले पूर्ण करके हितग्राहियों को सौंपने के लिए निर्देश दिए गए। कलेक्टर कुरूद स्थित सीबीजी प्लांट स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम हरवंश सिंह मीरी, महेश राजपूत, जोन आयुक्त ऐशा लहरे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं राजस्व टीम उपस्थित थे।



## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को वैद्यराज ने भेंट की पुस्तक




**भिलाई।** वैद्यराज वाई अप्पल नायडू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को अपनी पुस्तक नाडी वैद्य घरेलू उपचार की पुस्तक को भेट गया। जिसमें वैद्य राज अप्पल नायडू ने 40 साल से किए उपचार के बीमारियों की सारी जानकारी पुस्तक में उपलब्ध है। वैद्य राज द्वारा अब तक लाखों मरीजों को निःशुल्क अपनी पद्धति से उपचार कर ठीक कर चुके है। इस दौरान कोपलेस तिवारी, डॉ राधेश्याम बारले भी मौजूद थे।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
न्यूरो सर्जरी विभाग
.सिर की चोट
.रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
आदि का उच्च स्तरीय ईलाज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 जुलाई, 16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 29 जून 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



04



फिर लौट रहा 'वाय2के' वाला ट्रेंड्स, लुभा रहा 2000 का ग्लैमर


लाइव इवेंट

## मारुति विहार में शिवलिंग व हनुमान प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा



**दुर्ग।** ग्राम खोपली मारुति विहार कॉलोनी में समस्त ग्रामवासियों के जनसहयोग से नव निर्मित मंदिर में हनुमान और शिवलिंग की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई। कार्यक्रम में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बजरंगबली और भोलेनाथ की आराधना की। सुख एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई, जिसने नगर भ्रमण किया। कलश पूजन, घट पूजन, यज्ञ सहित वैदिक मंत्रोचार के साथ महावीर भागवन हनुमान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद भंडारा का आयोजन ककिया गया। शाम भव्य महाआरती और सुन्दरकाण्ड का पाठ हुआ। इस अवसर पर रोहित साहू, लेखराम साहू, फत्ते लाल वर्मा, खोपली सरपंच मंजू वर्मा, मचांदुर सरपंच दिलीप साहू, हिकेश्वर साहू, लेख राम सार्वा सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## कर्मा भवन पोटिया दुर्ग में संभाग स्तरीय सद्भावना महासम्मेलन कल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन द्वारा 30 जून को सुबह 11 बजे से कर्मा भवन पोटियाकला में सामाजिक सद्भावना महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, खैरागढ़, कबीरधाम, बेमेतरा, मोहला-मानपुर के कार्यकारिणी का विस्तार एवं दुर्ग संभाग स्तरीय कार्यकारिणी का विस्तार होगा। इस अवसर पर कार्यकारिणी विस्तार के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के ललिए एक पेड़ मां के नाम अतिथियों द्वारा रोपित किया जाएगा। सामाजिक समरसता में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। पर्यावरण के प्रति जागरूकता तका संदेश दिया जाएगा। महासम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रम्हदेव पटेल, प्रदेश महामंत्री लखन लाल साहू, संत कुमार केसकर, अनुरूप साहू, घनश्याम देवांगन, भोजराम डडसेना, जीवनलाल सिन्हा, रमेश साहू, भानु प्रताप यादव, डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल, मीडिया प्रभारी डॉ. डीपी देशमुख, सुमन देवांगन, विजय कुमार रात्रे सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## परमेश्वर पाल बने छग झेरिया गड़रिया समाज के प्रदेशाध्यक्ष



**भिलाई।** अमरसिंह धनकर गौटिया छग झेरिया गड़रिया (धनकर पाल) समाज महासभा की सामाजिक कार्यकारिणी बैठक पिछले दिनों हुई। बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष व 25 राज क्षेत्र प्रमुख एवं सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति में प्रस्ताव पारित किया गया। छः सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया गया। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक राज क्षेत्र से 20-20 सदस्यों के द्वारा प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा।20-20 सदस्यों की सूची तैयार की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई। केवल एक नामांकन प्रपत्र होने की स्थिति में निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष परमेश्वर पाल चुन लिए गए। 25 राज प्रमुखों एवं प्रदेश के सभी सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर राजकुमार धनकर, पोखन पाल, ढालसिंह धनंकर, तिरथ धनकर, महेन्द्र धनकर, अमरसिंह पाल, किशन लहुरिया, शैलेन्द्र धनकर, रेवाराम पाल, धन्नू पाल, राजू पाल, बलदाऊ पाल, रामसिंग, रोमनाथ पाल, अशोक पाल, मंजूलाल धनकर आदि उपस्थित थे।

## शहर के विकास और सौंदर्यीकरण की प्लानिंग को लेकर संगोष्ठी 30 को

**भिलाई।** भिलाई क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए कौन से प्रस्ताव लिया जाना है। इसके लिए भिलाई के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए अपने-अपने विचार दिये जाने निगम सभागार में 30 जून को सुबह 10:30 बजे विचार संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सांसद, विधायक, महापौर, पार्षदगण एवं नागरिकगणों से सुझाव लिए जाने संगोष्ठी कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। शहर के विकास के लिए सभी के विचार एवं सुझाव को सुनने पश्चात उस पर विचार-विमर्श किया जाना है। आयुक्त पाण्डेय ने अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी को निर्देशित किये है कि 28 जून तक कार्यक्रम का पीपीटी तैयार करा लेवें, जिसे प्रोजेक्ट के माध्यम से दिखाया एवं समझाया जाएगा। शहर के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए अलग से विचार, विमर्श एवं सुझाव को भी साझा किया जाएगा। जिससे नगर निगम भिलाई के विकास एवं सौंदर्यीकरण को और बेहतर ढंग से व्यवस्थित किया जा सके।

● चैट जीपीटी, गूगल जेमेनाइ और डीपसिक जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स पर मंथन

# इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में शास्त्रार्थ, देश-विदेश के एआई जानकार पहुंचे, बताया पक्षियों और चीटियों की तरह काम करती है तकनीक

**चैट जीपीटी, गूगल जेमेनाइ और डीपसिक जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स किसी और ने बनाए और हमने उनका इस्तेमाल शुरू कर दिया। एआई बेस्ड टूल्स के हम अभी भी सिर्फ यूजर्स बने हुए हैं, जबकि हमें तो इनवेंटर होना चाहिए। ऐसा नहीं चलेगा, युवाओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा। ये बातें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने कहीं। वे शनिवार को रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस शास्त्रार्थ में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि, टेक्नोलॉजी इतनी आगे बढ़ चुकी है कि अब एआई प्रोटीन के आकार की भी सटीक भविष्यवाणी कर सकता है। गूगल ने इसके लिए अल्फा फोल्ड एआई तैयार कर लिया है। यह एआई बता सकता है कि प्रोटीन कैसे मुड़ेगा और उसका आकार कैसा होगा। यह जानकारी दवाइयों को बनाने, बीमारियों को समझने और जीव विज्ञान के शोध में बड़ी मदद करेगी।**

**भिलाई।** आयोजित कार्यशाला में जानकारी दी गई कि नया एआई डीएनए, आरएनए और अन्य छोटे अणुओं के मूवमेंट बताने में भी सक्षम होगा। इसका सार यह है कि अब दुनिया 50 साल आगे का सोच रही है, ऐसे में मार्केट की डिमांड के हिसाब से खुद को अपडेट करने की जरूरत है। सिलेबस भी ऐसे बनने चाहिए जो युवाओं को इस दिशा में बढ़ाए न कि सिर्फ परंपरागत शिक्षा दे। इसी कॉन्फ्रेंस में साउथ एशिया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. जगदीश चंद बंसल भी शामिल हुए। उन्होंने कंप्यूटिंग और एआई में स्वार्म इंटेलिजेंस पर रोचक जानकारी देते हुए कहा कि, बहुत सारे जीव जैसे चींटियां और पक्षी एक साथ मिलकर काम करते हैं और बिना किसी एक लीडर के भी बड़ा काम कर डालते हैं। ये ऐसा है जैसे हर कोई अपनी छोटी सी जानकारी के साथ आता है और सब मिलकर एक बड़ा और अच्छा फैसला ले लेते हैं। इस सिद्धांत का इस्तेमाल हम कंप्यूटर में भी करते हैं, जैसे रोबोट को रास्ता खोजना सिखाना या मुश्किल समस्याओं को हल करना। यह दिखाता है कि कैसे छोटे-छोटे हिस्से भी मिलकर बड़ी समझदारी दिखा सकते हैं। एआई इसी सिद्धांत पर काम करता है। इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में शोधार्थियों को एआई की नई टेक्नोलॉजी से अवगत कराने इटली की कॉर्फोसेस यूनिवर्सिटी से आए डॉ. अगस्टिनो कॉटर्सी ने बताया कि पूरी दुनिया एआई को बेहतर बनाने में लगी हुई है। जब भी कोई एआई को कमांड देता है तब सिस्टम उसे कई तरह से देखता है। पूछे गए सवाल की मंशा को पढक़र सही उत्तर देना एआई की एक्योरेसी को दर्शाता है। अब दुनिया इस एक्योरेसी को और सटीक बनाने में जुट गई है। हर छोटी जानकारी को लेता है और उसे प्रोसेस करके जवाब परोस देता है। कॉन्फ्रेंस में कोलकाता यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. नबेंदु चाकी ने एआई में ब्लॉकचेन और ड्रीब्यूशन लेजर के बारे में बताया।



देश-विदेश से आए 456 पेपर्स

रूंगटा ग्रुप में इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस शास्त्रार्थ का यह 10वां वर्ष था, जिसमें देश और विदेश से 456 रिसर्च स्कॉलर्स शामिल हुए हैं, जो दो दिनों में अपने पेपर प्रजेंट करेंगे। इससे एआई पर आधारित नई जानकारियां साझा होंगी। कॉन्फ्रेंस में रूंगटा ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. सौरभ रूंगटा, सोनल रूंगटा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. संजीव शुक्ला, डॉ. मनोज वर्गीस, डॉ. एजाजुद्दीन, डॉ वाई एम गुप्ता, डॉ. एडविन एंथोनी, डॉ. नीमा एस बालन, डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. रामकृष्ण राठौर,डॉ. पद्मावती श्रीवास्तव, डॉ. विजय लक्ष्मी घोष, डॉ. मुकेश शर्मा सहित फैकल्टी मेंबर्स शामिल रहे।



### पर्सनल असिस्टेंट बन जाएगा एआई

कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ सत्र में रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि देश को तरक्की की ओर ले जाने में इनोवेशन का रोल सबसे अहम है। जिस तरह दुनिया के कई देश खुद को इनोवेशन के जरिए आगे बढ़ा रहे हैं, वैसे ही उम्मीद हम शोधार्थियों के लिए भारत में करते हैं। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी भी मौजूद रहे। उन्होंने शोधार्थियों को ऐसे इनोवेशन करने के लिए कहा जो सोसाइटी को फायदा पहुंचाए। रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-वीसी डॉ. मनीष मनोरिया ने एआई के इस्तेमाल और उससे मिलने वाली सहूलियतों पर चर्चा की। बताया कि, अगले कुछ साल में यह और विकसित होगा और दैनिक जीवन की छोटी-छोटी जरूरतों को भी पूरा करने मदद करने लगेगा। एआई का उपयोग सिर्फ इंफॉर्मेशन तक सीमित नहीं रह जाएगा, बल्कि यह आपके एक पर्सनल असिस्टेंट की तर्ज पर काम करेगा। कार्यशाला में एआई से जुड़े कई तकनीकों के बारे में स्टूडेंट्स जानकारी दी गई। होने वाले बदलाव के बारे में बताया गया।

## अंतर्जातीय, अंतरधर्म स्वीकारने वाले को सामाजिक पद में नहीं मिलेगी जगह, बैठक में निर्णय

**भिलाई।** साहू समाज की आमसभा बैठक सुपेला स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख सलाहकार खिलावन साहू, तुलसी साहू, हरिद्वारिका प्रसाद साहू, अमोल दास, रामकुमार चंचल, शकुंतला साहू, संतोष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। आमसभा में महासचिव अमोल दास साहू ने कार्यक्रम की रूपरेखा को सदन के पटल पर रखा। आय-व्यय की जानकारी कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार साहू ने दी। नया जिला संघ होने के साथ 3 वर्षों के कार्यकाल का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि इन तीन वर्षों में कई कार्यक्रम हुए। वर्तमान में 5 लाख का एफडी और चालू खाते में राशि जमा है। बताया गया कि प्रदेश साहू संघ के नियमावली के अनुसार प्रत्येक तहसील में परिक्षेत्र का गठन अनिवार्य किया गया है। साथ ही प्रमुख सलाहकारों एवं सदन ने कहा कि जो व्यक्ति अंतर्जातीय, अंतरधर्म स्वीकार किया है, ऐसे व्यक्तियों को तो समाज के मुख्य धारा से तो जरूर जोड़ना है। परन्तु उस व्यक्ति और उसके गार्जन को सामाजिक किसी भी पद में कोई पदाधिकारी नहीं बनाना है। किसी भी कार्यक्रम में अतिथि नहीं बनाना है। इस बात को ध्वनि मत से पारित किया गया। साथ ही चुनाव भी अतिशीघ्र कराए जाने का निर्णय लिया गया।

- साहू समाज की आमसभा बैठक सुपेला स्थित कार्यालय में आयोजित





## बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान



**भिलाई।** संयंत्र के परिवहन एवं डीजल संगठन के कंट्रोल से संबंधित सेवानिवृत्त कर्मचारियों वरिष्ठ लोको ऑपरेटर दुश्यंत कुमार साहू, धर्मेन्द्र नाथ, भुवनेश्वर सिंह साहू का सम्मान समारोह का आयोजन वर्क्स आफिस बिल्डिंग नं-2 में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एजीएम एमएआर शरीफ ने कर्मियों के योगदान की सराहना की। संजीव झा ने कहा कि मिलने वाली राशियों का सही ढंग और सोच समझकर उपयोग करें। शिफ्ट मैनेजर रितेश तिवारी ने जीवन की दूसरी पारी सुखमय होने की शुभकामनाएं दी। शिफ्ट मैनेजर नोखेराम देशमुख ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मस्त और व्यस्त रहने की सलाह दी। शिफ्ट मैनेजर भरत कुंडे़ और व्यास नारायण ने भी तीनों कर्मठ साथियों के काम की प्रशंसा की। इस अवसर पर शत्रुंजय तिवारी, दिनेश मेश्राम, शैलेश गुप्ता, गणेश भोजवानी, बाबू लाल ध्रुवे, रमेश चौहान, अरुपभ घोष, अनिल उके, पोषण लाल साहू सहित अन्य मौजूद थे।

सीए भवन में औद्योगिक नीति पर हुई चर्चा एक्सपर्ट ने दी जानकारी

## नई औद्योगिक नीति में छोटे-कुटीर उद्योगों को किया जा रहा प्रोत्साहित, एमएसएमई को मिल रही ढेरों सब्सिडी

कार्नर न्यूज





**भिलाई।** भिलाई सीए ब्रांच द्वारारजत जयंती के अवसर पर 5 दिवसीय कार्यक्रम पंचविषम-सिल्वर स्पेक्ट्रम का आगाज हुआ। पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम के पहले दिन सीए भवन सिविक सेंटर में एमएसएमई दिवस पर औद्योगिक नीति व सब्सिडी पर जानकारी दी गगई। देश के जाने माने वक्ता सीए अरिहंत बोथरा शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वैशालीनगर विधायक श्री रिकेश सेन उपस्थित रहे।



### केंद्र सरकार की औद्योगिक नीति के बारे में भी बताया

ब्रांच चेयरमेन राजेश बाफना ने बताया कि समारोह के पहले दिन को एमएसएमई दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सेमिनार में प्रमुख वक्ता सीए अरिहंत बोथरा ने छत्तीसगढ़ शासन की नवीन औद्योगिक नीति (2024–2029) एवं एमएसएमई को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की सब्सिडी व प्रोत्साहनों की विस्तृत जानकारी दी। रिकेश सेन ने सीए सदस्यों को ब्रांच के रजत जयंती पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एमएसएमई उद्यमियों के मार्गदर्शन हेतु स्टेट बैंक, डीआईसी, एवं अन्य संस्थानों द्वारा सहायता काउंटर भी स्थापित किए गए। इस कार्यक्रम के डायरेक्टर सीए अजय गुप्ता रहे।

### आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दवाओं का भी होगा वितरण

शनिवार को सीए सदस्यों के साथ पिकनिक दिवस मनाया गया। सदस्यों ने डे विशेष के रूप में इस दिन को सैलिब्रेट किया। वहीं 29 जून को मैराथन एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें हेल्थ चेकअप के साथ दवाओं का भी वितरण किया जाएगा। विशेषज्ञ चिकित्सक हेल्थ से जुड़ परामर्श भभी देंगे। 30 जून को दिव्यांग बच्चों एवं सीए सदस्यों के साथ फिल्म की स्क्रीनिंग एवं 1 जुलाई को सीए दिवस व रजत जयंती समारोह मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत ध्वजारोहण, वृक्षारोपण, हेल्थ कैंप, 25 वर्षों से कार्यरत सीए सदस्यों, नव-नियुक्त सीए सदस्यों, जीएसटी अधिकारियों, स्टेट बैंक अधिकारियों एवं डॉक्टर्स का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### सामूहिक प्रयास से किया जा रहा आयोजन

सीए एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन किया जा रहा है। इस पांच दिवसीय समारोह के कोऑर्डिनेटर्स मिनेश जैन एवं नितिन रूंगटा हैं। कार्यक्रम का संचालन शिवानी ओस्तवाल ने किया। कार्यक्रम में पहले दिन प्रभजीत जग्गी, अनिल जैन, प्रतीक अग्रवाल, तलविंदर, सुखदेव राठी, दिलीप जैन, अमित राय, सुरेश गांधी, अजय सिंघी, विनोद सदानी, राकेश डोडी, हर्ष जैन, जितेंद्र गोयल सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

# फेफड़ों के रोगियों की अब थोरेकोस्कोपी से होगी जांच



**भिलाई।** चिकित्सा के क्षेत्र में रोज नई नई तकनीक इजाद की जाती है जिससे कोई भी बीमारी का पता जल्द ही लगाकर मरीज का उचित इलाज समय पर कराया जा सके। इसी कड़ी में फेफड़े की बीमारी में नई सुविधा थोरेकोस्कोपी से अब रोगियों को बेहतर और सटीक इलाज मिलेगा। श्री शंकराचार्य चिकित्सा विज्ञान संस्थान जुनवानी भिलाई में अब थोरेकोस्कोपी की उन्नत चिकित्सीय प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। यह सुविधा संस्थान के चेयरमैन आई.पी. मिश्रा, डीन डॉ. प्रकाश वाकोड़े एवं रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. एल.के. मोहंती द्वारा शुरु की गई है। इस प्रक्रिया का संचालन डॉ स्मरण क्लॉडियस इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट सहायक प्रोफेसर द्वारा किया जा रहा। थोरेकोस्कोपी के अलावा ब्रोंकोस्कोपी, नींद अध्ययन पॉलीसोमनोग्राफ़ी और डीएलसीओ भी मरीजों के उन्नत उपचार के लिए भी किया जाएगा।

- **भिलाई में शुरू हुई नई प्रक्रिया थोरेकोस्कोपी**

श्वसन चिकित्सा विभाग में कार्यरत विभाग प्रमुख डॉ. एल.के. मोहंती, प्रोफेसर डॉ. अब्दुल मिर्जा, डॉ. राघवेन्द्र वर्मा, डॉ. माधुरी गडेला और डॉ. स्मरण क्लॉडियस हैं। थोराकोस्कोपी की सुविधा शुरू होने से भिलाई और दुर्ग, छत्तीसगढ़ सहित आसपास के मरीजों को अब जटिल फेफड़ों के रोगों की जांच एवं निदान के लिए बाहर नहीं जाना होगा।

### क्या है थोरेकोस्कोपी

थोराकोस्कोपी एक उन्नत न्यूनतम इनवेसिव (मिनिमली इनवेसिव) प्रक्रिया है, जो छाती में एक छोटा चीरा लगाकर की जाती है। इसके माध्यम से डॉक्टर फेफड़ों की झिल्ली (प्लूरा), फेफड़ों की सतह तथा छाती के अंदरूनी भाग को कैमरा की मदद से देख सकते हैं। इस प्रक्रिया में प्लूरा से बायोप्सी की जाती है, जिससे टीबी, कैंसर, जैसी बीमारियों की सटीक पहचान की जा सकती है। थोराकोस्कोपी खास तौर पर उन मरीजों के लिए उपयोगी है जिनके फेफड़ों में बार-बार पानी (प्लूरल इफ्यूजन) भरता है, या जिनकी बीमारी का निदान अन्य जांचों से संभव नहीं हो पा रहा है।

### रोगियों को मिलेगा लाभ

इस नई सुविधा से अब रोगियों को बेहतर और सटीक इलाज मिलेगा। यह प्रक्रिया मरीजों के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित मानी जाती है। यह संस्थान की ओर से स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान प्रबंधन ने आशा जताई है कि इस तरह की आधुनिक तकनीकों को अपनाकर शंकराचार्य मेडिकल साइंसेज भविष्य में भी छत्तीसगढ़ को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करता रहेगा।

## इवेंट लाइव

# नारी सुरक्षा की थीम पर सेल्फ डिफेंस सीखेंगी महिलाएं, मेडिटेशन भी



**भिलाई।** नारी सुरक्षा को समर्पित जीवनदान सेवा संस्था के तत्वावधान में निरंतर प्रयास करते हुए सूर्या नगर वार्ड 21 में सेल्फ डिफेंस का निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 24 जून से 25 जुलाई तक तक किया गया है। इस एक महिने के शिविर में सेल्फ डिफेंस के साथ साथ बॉडी और ब्रेन यानी शारीरिक और मानसिक तालमेल के टिप्स मेडिटेशन के माध्यम से सिखाए जाएंगे।

- **नारी सुरक्षा को समर्पित जीवनदान सेवा संस्था का सतत प्रयास**

जीवनदान सेवा संस्था, भिलाई-दुर्ग द्वारा नारीशक्ति को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निरंतर सेल्फ डिफेंस शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत स्टेशन मरोदा वार्ड 21 सूर्या नगर में एक नई प्रशिक्षण कक्षा की शुरुआत की गई है। इस प्रशिक्षण शिविर की विशेष बात यह रही कि वार्ड अध्यक्ष महिला विंग दीदी बबीता मानिकपुरी ने अपने निवास स्थान पर इस प्रशिक्षण की पहल करते हुए कक्षा की शुरुआत की। उनका यह कदम नारीशक्ति को प्रेरित करने वाला और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक अनुकरणीय पहल है। शिविर के माध्यम से क्षेत्र की युवतियों और महिलाओं को आत्मरक्षा की आधुनिक तकनीकें सिखाई जा रही हैं, जिससे वे किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपने आत्मबल से सुरक्षित रह सकें। संस्था का उद्देश्य है कि हर महिला आत्मनिर्भर बने और डर के माहौल से बाहर निकलकर सशक्त बनकर समाज में अग्रणी भूमिका निभाए। जीवनदान सेवा संस्था का यह अभियान आने वाले समय में अन्य वार्डों और क्षेत्रों में भी संचालित किया जाएगा।

### संविधान बचाओ सभा आज

**भिलाई।** देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर को याद करते हुए भिलाई नगर विधानसभा ने आज शाम संविधान बचाओ सभा का आयोजन कला मंदिर सिविक सेंटर में आयोजित किया जाएगा। शाम 4 बजे आयोजित संविधान बचाओ सभा के दौरान भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इस दौरान देश के संविधान और कांग्रेस के आगामी कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

● रथयात्रा के बाद सेवादार जुटे, रोज होगा प्रभु का भव्य श्रृंगार, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

# महाप्रभु जगन्नाथ गुंड़िचा मंडप में मौसी के बनाए खाने का ले रहे स्वाद, हुई रामलीला, विशेष पूजा आज



**भिलाई।** ट्विनसिटी में आने वाले नौ दिनों तक जगन्नाथ पूजा का उल्लास सभी जगह दिखाने वाला है। शुक्रवार को महाप्रभु नगर भ्रमण करते हुए अपनी मौसी के घर गुंडिचा मंडप पहुचें हुए है। सेक्टर-6 ए मार्केट के गुंडिचा मंडप में 5 जुलाई तक जगन्नाथ महाप्रभु अपनी मौसी मां गुंडिचा रानी के यहां रहेगें और उनके हाथ से बने खाने का आनंद लेगें। शनिवार की सुबह सेक्टर-6 ए मार्केट गुंडिचा मंडप में सुबह 5 बजे भगवान का श्रृंगार किया गया। पाठ कर वस्त्र धारण कराया गया और विभिन्न प्रकार के सुगन्धित फूलों से भगवान का श्रृंगार किया गया। संध्या आरती के बाद 7.30 बजे सत्य सांई राम लीला मंडली बेलौदी द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला की शुरुआत गणेश, माता सरस्वती, शिव पार्वती और महाविष्णु की झांकी प्रस्तुत की गई। इसके बाद शिव, पार्वती संवाद और रावण के अत्याचार के प्रसंग पर रामलीला हुई। इस दौरान महाप्रभु की विशेष आरती और प्रसाद का वितरण भी किया गया। रात 10 बजे विशेष प्रसाद पोड़ो पीठा का भी भोग लगाया गया। लोगो को हांडी अन्न प्रसाद के लिये पहले बुक करवाना होगा। इस आयोजन में पं. तुषारकांन्त महापात्रा, समिति के अध्यक्ष दिलीप महंती, महासचिव अरुण पंडा, शरद विशाल, गजेन्द्र पण्डा, रविन्द्र साहू, शशिभूषण महंती, संजय साहू, सन्यास साहू, सुभाष साहू, जितेन्द्र भूइयां, संजीव भूइयां, हरि राउत आदि भक्त उपस्थित थे।



### रथ यात्रा पर हुई गुलाब की पंखुड़ियां की बरसात

श्री जगन्नाथ मंदिर समिति, कोसा नगर द्वारा निकाली गई रथ यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जय जगन्नाथ का उद्घोष करते रथ यात्रा निकाली गई। कोसा नगर से निकली यह रथ यात्रा नेहरू नगर उद्योगपति के.के. झा के निवास के सामने पहुंची, तो झा परिवार सहित सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने रथ की अगुवाई की। श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां की बरसात की गई। श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान के.के.झा, विभा झा, निश्चय झा, सृष्टि झा, जोगा झा, शांता झा, संजीव झा, सीए प्रियेश लेखवानी, विधि लेखवानी, रणवीर चौधरी ने रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की आरती उतारी और पूजा अर्चना की। रथ पर सवार दुर्गा माधवपड़ी, कान्हा महाराज, हेमंत भारद्वाज, योगेंद्र, पवित्र नाग सहित समिति के त्रिलोचन, राज किशोर, कौशल्या, मीणा, शंकर सोना, शिवा, आशु, सागर, रागिनी और अन्य पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा।

## अखिल भारतीय उड़िया समाज ने किया महाप्रसाद का वितरण



**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज द्वारा हर साल भी सेल परिवार चौक सेक्टर 6 में भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा पर महाप्रसाद का वितरण प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान जगन्नाथ के तेल चित्र का पूजा अर्चना कर की गई। महासचिव टीके निहाल ने बताया कि शुक्रवार शाम 4 महाप्रसाद का वितरण शुरू हुआ जो देर रात तक चला है। महाप्रसाद में खिचड़ी, हलवा, मूंग का वितरण किया गया। बीते 15 से समाज द्वारा महाप्रसाद का वितरण लगातार करती आ रही है। महाप्रसाद का वितरण कर समाज ने भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष दीनबंधु तांडी, संरक्षक कृष्णा सोना, संजय सोनवानी, जिला दुर्ग अध्यक्ष शंकर निहाल,भिलाई अध्यक्ष पुरन नायक, जयंती महानंद,दयानिधि विभार, दीपक सोना, मनोज दीप, आशीष नंदा, किशोर मोगराज, टेकचंद सेठिया, चेतन दीप, चिंतामणि,सुभाष जगत,धर्मेंद्र सिक्का, रतन तांडी, खिरधर बाघ,दिलीप तांडी, चितरु विभार, अर्जुन नायक, पदमा तांडी, इंद्रा विभार, तिलोत्तमा,आशा निहाल,कविता तांडी, तन्नू, हर्षा, धनंजय तांडी समेत सामाजिक सदस्यगण मौजूद थे।



## सराहनीय पहल

# पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी के मेधावी बच्चे सम्मानित



**भिलाई।** पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई नगर में पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के बच्चों द्वारा नीट, जेईई मेन्स, 10वीं, 12वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक और नेशनल खेलों में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले मेघावी बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल द्वारा सभी बच्चों को मोमेंटों और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी बच्चे अधिक अंक और नेशनल खेलों में गोल्ड मेडल प्राप्त कर सफलता हासिल कर देश और अपने संस्था का नाम रोशन किया है और आने वाले समय में और अच्छा परफार्मेंश कर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि ये आपके जीवन की सफलता है, बच्चों का बहुत अच्छा परसेटेंज पाना व कंम्पटेटीव परीक्षा में जाना बाकी सब से बहुत ही अलग होता है। ये आपकी डेस्टिनेशन है, वो अलग है ये सिर्फ माईलस्टोन थी और आपके 10 वीं एवं 12वीं में जितना मेहनत किया है उससे और ज्यादा मेहनत करें। उन्होंने सभी बच्चों के कार्यो की सराहना की।

यह बच्चे हुए सम्मानित इस दौरान दुर्ग उपुअ ममता अली शर्मा के बेटे आयान अली फुटबाल में 5वीं नेशनल लेबल क्लब चैंपियनशीप के लिए, छावनी उपुअ नवी मोनिका पाण्डेय के बेटे अभिनव पाण्डेय जेइई मेन्स 2025 उत्तीर्ण, विशेष शाखा भिलाई निरीक्षक कैलाशनाथ मिश्रा की बेटी विद्या मिश्रा 10वीं 96 प्रतिशत, रानीतराई उनि. पुरूषोत्तम कुर्रे- वेलिना कुर्रे जेइई मेन्स उत्तीर्ण, विशेष शाखा भिलाई सउनि प्रहलाद बंछोर- लिपिका बंछोर 10वीं 90 प्रतिशत, नपुअ कार्यालय छावनी प्र.आर. 1510 कौशल कुमार साहू- नेहा साहू सीबीएससी 10वीं 92.8 प्रतिशत, विशेष शाखा भिलाई प्र.आर. 457 हरीश कुर्रे-प्रवेश कुर्रे जेइई मेन्स उत्तीर्ण, कुम्हारी प्र.आर. 1441 रोशन बंछोर-देवांशी बंछोर सीबीएससी 10वीं 91.2 प्रतिशत, दुर्ग आर. 1694 ललित साहू- मोनिका साहू सीबीएससी 10वीं 95.2, यातायात आर. 406 जितेन्द्र मारकण्डे- पीयुष मारकण्डे जेइई मेन्स उत्तीर्ण प्रतिशत अंक लाने के लिए सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

## हरियाली और स्वच्छता का दिया संदेश

# गोदग्राम में किया पौधरोपण, फलदार और छायादार पौधे लगाने किया प्रेरित



**भारती विश्वविद्यालय का आयोजन**

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा गोदग्राम कोनारी में पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में एनएसएस समन्वयक डॉ. रोहित कुमार वर्मा और जयंत बारीक ने सक्रिय भागीदारी देते हुए छायादार, फलदार और औषधीय पौधे लगाने सभी प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, कोनारी परिसर में शाला के प्रधान पाठक के. एस . देवांगन द्वारा पौधरोपण किया गया और ग्रामवासियों को हरियाली एवं स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों और ग्रामवासियों में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने तथा स्वच्छ भारत अभियान को मजबूती देना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन और गांव के स्थानीय लोगों ने सहयोग देते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने और पौधरोपण कर प्रकृति को हरा भरा रखने की शपथ ली।

## संस्कृत में सीखी एक से सौ तक गिनती, कर रहे अभ्यास

# प्रशिक्षण ऐसा भी : अभिनय करके सिखाया संस्कृत, खेल-खेल में जाना विलोम शब्दों का उपयोग

**कार्नर न्यूज**

**10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आज होगा समापन**

**भिलाई।** बच्चों और युवाओं को संस्कृत बोलने के प्रति प्रोत्सहित करने के लिए दुर्ग आर्य नगर में दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया गया है जहां बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक संस्कृत में बात करना उत्साह के साथ सीख रहे है। इसी कड़ी में शिविर के दौरान प्रतिभागियों को संस्कृत में प्रतिभागियों को अभिनय करके क्रिया और विलोम शब्दों का प्रयोग सिखाया गया। संस्कृत पढ़ने वाले सभी छात्र और प्रशिक्षण देने वालों के साथ संस्कृत में हिंदी जैसे धारा प्रवाह बात कर रहे हैं। ओम परिसर में चल रहे संस्कृत संभाषण शिविर के आठवें दिन डॉ. जैनेंद्र दीवान, डॉ अजय आर्य एवं ईश्वरी देवांगन ने बच्चों से लेकर बुजुर्गो को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान संस्कृत विशेषज्ञों द्वारा हैलो



को मास्तु हरि ओम वदतु। गुड मॉर्निंग मास्तु सुप्रभातम वदतु और सॉरी सॉरी मास्तु क्षम्यताम्‌ क्षम्यताम्‌ वदतु सहित अनेक वाक्य सिखाएं गए। क्लास के दौरान वर्तमान काल एवं भूतकाल के और संस्कृत में एक से लेकर सौ तक की गिनती भी सीखे। संस्कृत संभाषण शिविर में विशेष रूप से संस्कृत में 1 स100 तक की गिनती सिखाई गई। वाक्य में इसका प्रयोग भी किया गया। संस्कृत संभाषण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रोफेसर जैनेंद्र दीवान उपस्थित हैं। उन्होंने अनेक गतिविधियों के माध्यम से डेली रूटीन के वाक्य को संस्कृत में सरल ढंग से सहज रूप से बोलना सिखाया और छात्र-छात्राओं ने संस्कृत में गीत गाए। डॉ. जैनेंद्र दीवान ने प्रतिभागियों को अभिनय करके क्रिया एवं विलोम शब्दों का प्रयोग सिखाए। संस्कृत पढ़ने वाले सभी छात्र एवं अभ्यासी प्रशिक्षण देने वालों के साथ संस्कृत में बात कर रहे हैं। सूचनाओं का आदान-प्रदान। स्वीकृति और अस्वीकृति के लिए संस्कृत के ही शब्दों और वाक्य का प्रयोग किया जा रहा है। डॉ अजय आर्य ने प्रतिभागियों को संस्कृत में दो तोते की प्रेरक कहानी सुनाते हुए बताया की एक डाकुओं के साथ रहने लगा और दूसरा साधु के साथ। डाकुओं के साथ रहने वाला तोता डाकुओं जैसी बातें करने लगा, जबकि साधु के साथ रहने वाला तोता साधु जैसी बातें करने लगा। इससे पता चलता है कि संगति का प्रभाव बहुत महत्वपूर्ण होता है।

डॉ अजय आर्य ने कहा कि यह कहानी यह बताती है कि हम जैसी संगति में रहते हैं हमारा सोच विचार और व्यवहार इस तरह से परिवर्तित हो जाता है। इसलिए हम सभी को अपनी संगति का चयन करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। ईश्वरी देवांगन ने गीत के माध्यम से कुछ बदलाव के संकेत के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### जिला क्रिकेट संघ में एक से होगा खिलाड़ियों का पंजीयन




**रायपुर।** रायपुर जिला क्रिकेट संघ के वर्ष 2026-27 हेतु सभी वर्गों के पंजीयन की तिथि 01 से 07 जुलाई तक निर्धारित की गयी है। नये पंजीयन का समय सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक आर.डी.सी.ए. ग्रांउड, तेलीबांधा में रखा गया है। नये पंजीयन हेतु आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ में जन्में खिलाडियों के लिये पिछले 5 वर्षों की मार्कशीट की फोटोकॉपी अन्यथा पिछले 10 वर्षों की मार्कशीट की फोटोकॉपी जमा करना होगा। नये पंजीयन हेतु रुपये 500 का शुल्क निर्धारित किया गया है। पंजीयन के समय सत्यापन हेतु समस्त मूल दस्तावेज लाना भी अनिवार्य है। पंजीयन के नवीनीकरण हेतु खिलाड़ियों को गूगल फार्म में नाम, जन्मतिथि, फोन नंबर बल्लेबाज या गेंदबाज आदि जानकारी देनी होगी। गुगल फार्म 01 जुलाई से 07 जुलाई तक उपलब्ध होगा। पंजीयन का नवीनीकरण निशुल्क है।

### सेंट्रल और साउथ जोन की जीत, ख्याति ने लिए 5 विकेट



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित वूमेंस अंडर-19 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शुक्रवार को दो मैच खेले गए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में हुए मैच में टीम सेंट्रल जोन ने नॉर्थ जोन को 6 विकेट से हरा दिया। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन की टीम 88 रन पर आउट हुई। पलक सिंह ने 30 रन, गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की अलका रानी कुजूर ने 4 विकेट, सीलमनी कंडुलना ने तीन विकेट, ऋषिका श्रीवास्तव, जपनीत कौर एवं शांति बघेल ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन की शेख नाजिया ने नॉट आउट 32 रन, भाविका साहू ने 21 रन और यति शर्मा ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की शायना खान ने दो विकेट, गीत डहरिया एवं पलक सिंह ने एक-एक विकेट लिए।

बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम ईस्ट जोन के विरुद्ध साउथ जोन ने 5 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में ईस्ट जोनकी टीम 95 रन पर आउट हुई। रिया सिंह ने 35 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की ख्याति साहू ने पांच विकेट और रंगीता लाकरा ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 5 विकेट पर 96 रन बनाए। चांद चेलक ने 40 रन, दीक्षा तिवारी ने नॉट आउट 33 रन, गेंदबाजी में ईस्ट जोन की मोनिका मरावी ने 4 विकेट और रिया सिंह ने एक विकेट लिए।

### छत्तीसगढ़ की दिव्या मलेशिया में उतरेगी बास्केटबॉल मुकाबले में




**रायपुर।** अंडर 16 एशियन चैंपियनशिप बास्केटबॉल क्वालीफायर 12 से 15 जून तक मालद्वीप में आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय टीम ने श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीप से लगातार मैच जीतकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। फ़ाइनल में भारत ने श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक जीता एवं एफआईबीए अंडर 16 वूमेन एशियन चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। जो 14 से 20 सितम्बर तक मलेशिया में आयोजित की जाएगी। भारतीय बास्केटबॉल बालिका टीम में छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी भी शामिल थी। महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने दिव्या को मालद्वीप में स्वर्ण पदक जीतने एवं एशियन चैंपियनशिप मलेशिया के लिए भारतीय टीम के क्वालिफाई करने पर बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। ज्ञात हो दिव्या ने 48 वीं सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप अगस्त 2023 पांडिचेरी में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम से खेलते हुए स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही हैं जिसमें दिव्या ने अच्छा प्रदर्शन किया था।

### प्रशिक्षु बैडमिंटन स्पर्धा में क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले



**रायपुर।** राजधानी के सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल में प्रशिक्षु बालक बालिकाओं की बैडमिंटन स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मुकाबले संपन्न हुए। विभिन्न वर्ग के अंतर्गत 11 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल- क्वार्टर फाइनल में द्विती बंगारू ने आईशी जैन को 30-4 से, शानवी चौरड़िया ने मिराया लुंकड को 30-17 से, आईजा खाखू ने रितिका रानी को 30- 15 से हराया। 13 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल- क्वार्टर फाइनल में नादिरा सलमान ने चिन्मयी सोनी को 15-3,15-9 से, मान्य मिश्रा ने आराध्य तेलची को 15-4,15-7 से, स्तुति सरकार ने मानवी सिंह को 15-10,15-7 से, तमन्ना जूनामनि ने रिधिका मधुकर 15-13,15-6 से हराया। 15 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल- क्वार्टर फाइनल में नादिरा सलमान ने झरना निषाद को 15-1,15-1 से, अनीषा रामटेके ने स्तुति सरकार को 15-3,15-7 से, अनिका शर्मा आद्य चूड़ासमा 15-3,15-5 से हराया।

## कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर बढ़ा रहे छोटी उम्र में टेंशन

# हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से बचना है तो छोटी उम्र से ही गांठ बांध लीजिए कुछ जरूरी बातें



हृदय की बढ़ती बीमारियों के लिए हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर को प्रमुख कारण माना जाता रहा है, इन दिनों को कंट्रोल में रखना जरूरी है। लोग अक्सर जानना चाहते हैं कि क्या कोई ऐसा तरीका है, जिसकी मदद से आपको कभी बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की दिक्कत ही न हो?

दरअसल, हृदय रोग की समस्याएं सभी उम्र के लोगों में बढ़ती हुई देखी जा रही हैं। हाल के वर्षों में 30 से कम आयु वालों में हार्ट अटैक और इससे मौत के मामले काफी बढ़ गए हैं। हृदय की बढ़ती बीमारियों के लिए हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर को प्रमुख कारण माना जाता रहा है, इन दिनों को कंट्रोल में रखना शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सबसे जरूरी है। क्या आपका कोलेस्ट्रॉल लेवल नियंत्रित है?

कोलेस्ट्रॉल का नाम सुनते ही अक्सर दिल की बीमारियों का ख्याल आता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कोलेस्ट्रॉल वास्तव में इतना भी बुरा नहीं है? वास्तव में, यह शरीर की कोशिकाओं की बनावट, हार्मोन्स के निर्माण और पाचन में जरूरी भूमिका निभाता है। समस्या तब होती है जब शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाती है और गुड कोलेस्ट्रॉल की घट जाती है। अब आपके मन में भी सवाल आ रहा होगा कि क्या कोई ऐसा तरीका है, जिसकी मदद से आपको कभी बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की दिक्कत ही न हो?

**कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण होने वाली समस्याएं:** हृदय रोग विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र से ही अगर जीवनशैली में सुधार कर लिया जाए तो बैड कोलेस्ट्रॉल की समस्या से बचा जा सकता है। यूएस स्थित कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एड्रियाना क्विनोनेस-कैमाचो कहती हैं, हाई कोलेस्ट्रॉल का स्तर आपके हृदय के स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है।

कोलेस्ट्रॉल वर्षों से आपकी धमनियों की दीवारों में जमा होता है। प्लाक के निर्माण करके धमनियों को संकरा और सख्त कर देता है, जिससे हृदय रोग, दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। बैड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में आपके खराब आहार और गड़बड़ जीवनशैली की मुख्य भूमिका होती है। जो लोग संतृप्त और ट्रांस फैट वाली चीजें अधिक खाते हैं, गतिहीन जीवनशैली जीते हैं, अत्यधिक धूम्रपान और शराब का सेवन करते हैं, मोटापा या मधुमेह जैसी बीमारियों का शिकार हैं उनमें ये दिक्कत अधिक देखी जाती है। इसका मतलब है कि अगर कम उम्र से ही इनमें सुधार कर लिया जाए तो कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के खतरे से बचा जा सकता है।

### खान-पान में बदलाव जरूरी



अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशियन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, डाइटरी फाइबर वाली चीजों को आहार में अधिक से अधिक शामिल करके बैड कोलेस्ट्रॉल को 5-10 फीसदी तक कम कर सकता है। दलिया, साबुत अनाज, सेब और बीन्स का सेवन बढ़ाने से आपको लाभ मिल सकता है।

### ट्रांस फैट से बचें और ओमेगा-3 फैटी एसिड की मात्रा बढ़ाएं

बैड कोलेस्ट्रॉल की समस्या से बचे रहने का एक फार्मूला ये भी है कि आहार में ट्रांस फैट वाली चीजें जैसे बेकरी आइटम्स, फ्राई चीजों की मात्रा कम कर दें। इस तरह के खाद्य पदार्थ भी कोलेस्ट्रॉल की समस्या को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

हार्वड मेडिकल स्कूल की एक रिपोर्ट के अनुसार, ओमेगा-3 फैटी एसिड वाली चीजों को अपने आहार में शामिल करने से हृदय संबंधी बीमारियों का जोखिम 30% तक कम हो सकता है। अखरोट, अलसी के बीज, मछली और एवोकाडो आदि को आहार का हिस्सा बनाएं।

### इन उपायों पर भी देते रहें ध्यान



डॉक्टर कहते हैं, कोलेस्ट्रॉल की समस्या कोई अचानक आने वाली बीमारी नहीं है, यह वर्षों तक चुपचाप शरीर में बढ़ती है। लेकिन यदि हम आज से ही अपने खानपान, व्यायाम, सोच और आदतों में बदलाव लाएं तो न केवल हम कोलेस्ट्रॉल से बल्कि उससे जुड़ी हृदय संबंधी बीमारियों से भी सुरक्षित रह सकते हैं। बैड कोलेस्ट्रॉल से बचाव के लिए लाइफस्टाइल में कुछ और सुधार करना जरूरी है। रेड मीट और प्रोसेस्ड मीट को सीमित करें। इसकी जगह अंडे के सफेद भाग, टोफू और दालों का सेवन अधिक से अधिक करें। सक्रिय जीवनशैली अपनाएं, नियमित व्यायाम करें। एरोबिक व्यायाम को कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर दोनों को कंट्रोल रखने वाला पाया गया है। हार्वर्ड हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार, लगातार तनाव में रहने से भी कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ सकता है। स्ट्रेस को कंट्रोल करने वाले तरीकों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

# वास्तु के अनुसार होना चाहिए पूजा घर



पूजा घर न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि जीवन में संतुलन और समृद्धि का माध्यम भी है। इसलिए पूजा घर बनवाते समय वास्तु से जुड़ी कुछ आवश्यक बातों का ध्यान रखना अत्यंत जरूरी है।

### पूजा घर की शुभ दिशा

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में पूजा घर के लिए सबसे उत्तम दिशा उत्तर-पूर्व (ईशान कोण) होती है। यह दिशा भगवान शिव और जल तत्व से संबंधित मानी गई है, जिससे पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यदि यह दिशा उपलब्ध न हो, तो पूर्व दिशा को दूसरा सर्वोत्तम विकल्प माना जाता है। पूजा करते समय व्यक्ति का मुख भी पूर्व या उत्तर की ओर होना चाहिए, इससे साधना में एकाग्रता आती है और ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है।

### पूजा घर का स्थान और संरचना

पूजा घर को कभी भी शौचालय, बाथरूम या सीढ़ियों के नीचे नहीं बनाना चाहिए। यह स्थान शांत, स्वच्छ और ऊर्जा से भरपूर होना चाहिए। यदि घर छोटा है, तो ड्राइंग रूम के उत्तर-पूर्व कोने को पूजा के लिए चुना जा सकता है। मंदिर को हमेशा जमीन से कुछ ऊंचाई पर रखें और उसके नीचे किसी भी प्रकार का सामान स्टोर न करें। मंदिर की दीवार पर लकड़ी की पीठ या प्लेटफार्म लगाया जा सकता है।

### मूर्तियों की व्यवस्था

मंदिर में स्थापित मूर्तियां 9 इंच से अधिक ऊंची नहीं होनी चाहिए और उन्हें दीवार से थोड़ा दूर रखें ताकि पीछे की ओर हवा का प्रवाह बना रहे। खंडित या टूटी हुई मूर्तियों को तुरंत मंदिर से हटा देना चाहिए क्योंकि ये नकारात्मक ऊर्जा फैलाती हैं। भगवान की मूर्तियों की संख्या भी सीमित होनी चाहिए। एक ही देवता की कई मूर्तियों को एकसाथ न रखें।


### मंदिर का रंग और सजावट

पूजा घर के रंग हल्के और शुभ होने चाहिए, जैसे कि सफेद, हल्का पीला, गुलाबी या क्रीम। गहरे या काले रंगों से बचना चाहिए क्योंकि ये मन और वातावरण पर भारी प्रभाव डालते हैं। मंदिर में धूपबत्ती, दीपक, शंख और घंटी की व्यवस्था अवश्य करें। रोजाना दीपक जलाने और सुगंधित धूप लगाने से सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है।

### पूजा घर से जुड़ी कुछ सावधानियां

मंदिर को रसोईघर या शयनकक्ष में न बनाएं। यदि जगह की कमी के कारण ऐसा करना पड़े, तो मंदिर को लकड़ी की अलमारी में बनाकर उसे पर्दे से ढक सकते हैं। पूजा स्थान में कभी भी जूते-चप्पल लेकर न जाएं और वहां मोबाइल फोन या अन्य ध्यान भटकाने वाली वस्तुएं न रखें। पूजा घर को हमेशा स्वच्छ और सुगंधित बनाए रखें।

# जुलाई में केतु का होगा नक्षत्र परिवर्तन तीन राशियों की सुधरेगी आर्थिक स्थिति



अगले महीने 6 जुलाई को केतु का पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में आभासी प्रवेश होगा, जो 20 जुलाई को पूर्ण होगा। इस गोचर से तीन राशियों का भाग्य जागेगा और उन्हें विशेष धन लाभ के अवसर मिलेंगे। 6 जुलाई को दोपहर 1:32 बजे केतु पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में आभासी रूप से प्रवेश करेगा और इसका पूर्ण गोचर 20 जुलाई को दोपहर 2:10 बजे होगा। केतु के इस नक्षत्र परिवर्तन से तीन राशियों के लिए सौभाग्य के द्वार खुल सकते हैं।

**वृषभ राशि:** केतु का पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में गोचर वृषभ राशि के जातकों के लिए बेहद शुभ रहेगा। इस दौरान आपकी रचनात्मक सोच और नेतृत्व कौशल को खूब बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और पुराने अधूरे काम पूरे होने के आसार हैं।

**तुला राशि:** तुला राशि के जातकों के लिए यह गोचर मानसिक स्पष्टता और संतुलन लेकर आएगा। आपकी निर्णय क्षमता बेहतर होगी और आप अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से समझ पाएंगे। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या वेतन वृद्धि का अवसर मिल सकता है, जबकि व्यवसाय में पुराने अटके काम से लाभ मिलेगा।

**कुंभ राशि:** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह गोचर आत्मनिरीक्षण और आध्यात्मिक उन्नति का समय होगा। आपकी अंतरात्मा की आवाज़ प्रबल होगी और सही निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होगी। कला, लेखन, संगीत या आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़े लोग इस अवधि में खास पहचान और सम्मान प्राप्त कर सकते हैं।



# 'प्रोसेस्ड फूड' को लेकर दीवानगी ठीक नहीं, इन्हें सीमित मात्रा में लेना ठीक

अधिकतर प्रोसेस्ड फूड्स ऐसे होते हैं जो सेहत के लिए हानिकारक होते हैं, लेकिन कुछ प्रोसेस्ड फूड्स ऐसे भी होते हैं जिन्हें सीमित मात्रा में लिया जाए तो वो सेहत के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में प्रोसेस्ड फूड बहुत से लोगों के जीवन शैली का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। नूडल्स, चिप्स, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ और रेडी-टू-ईट भोजन अपनी सुविधा के कारण बेहद लोकप्रिय हो गए हैं। बेशक ये फूड्स हमारा समय बचाते हैं, लेकिन इसको लेकर कुछ लोगों के मन में अक्सर ये सवाल रहता है कि क्या प्रोसेस्ड फूड वाकई हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं? इस सवाल का सही जवाब जानने के लिए सबसे पहले ये जानना जरूरी है कि प्रोसेस्ड फूड होता क्या है? यह भी जानना जरूरी है कि सभी प्रोसेस्ड फूड एक जैसे नहीं होते हैं। प्रोसेस्ड फूड की दुनिया काफी जटिल है, कुछ ऐसे हैं जिनसे पूरी तरह से बचना चाहिए, क्योंकि उसमें चीनी, नमक और अनहेल्दी फैट मौजूद होता है। वहीं कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें सीमित मात्रा में या सही चुनाव के साथ अपनी डाइट में शामिल किया जा सकता है। आइए, प्रोसेस्ड फूड के बारे में विस्तार से जानते हैं, साथ ही उनके संभावित नुकसानों और उनसे बचने या सुरक्षित विकल्पों को चुनने के बारे में भी जानेंगे।

### प्रोसेस्ड फूड क्या है?



प्रोसेस्ड फूड वह खाद्य पदार्थ है, जिसे स्वाद, शेल्फ-लाइफ, या सुविधा के लिए रासायनिक प्रक्रिया से तैयार किया जाता है। इसमें फ्रोजन सब्जियां, डिब्बाबंद फल, और चिप्स जैसे स्नैक्स शामिल हैं। हालांकि, सभी प्रोसेस्ड फूड हानिकारक नहीं होते। उदाहरण के लिए, फ्रोजन मटर या पाश्चुरीकृत दूध न्यूनतम प्रोसेसिंग के साथ पौष्टिक हो सकते हैं। लेकिन अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड, जैसे कि चीनी युक्त पेय, पैकेज्ड स्नैक्स, और रेडी-मेड भोजन, सामान्यतौर पर स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होते हैं।

### हानिकारक प्रोसेस्ड फूड और उनके खतरे

अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड में चीनी, नमक, ट्रांस फैट, और कृत्रिम रसायन जैसे प्रिजर्वेटिव्स और रंग अधिक मात्रा में होते हैं। इंस्टेंट नूडल्स, चिप्स, बर्गर, और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का नियमित सेवन मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और हृदय रोगों का जोखिम बढ़ाता है। इनमें पोषक तत्व कम और कैलोरी अधिक होती है, जिससे पाचन तंत्र पर भी बुरा असर पड़ता है।

### किन प्रोसेस्ड फूड से बचें?

कुछ प्रोसेस्ड फूड ऐसे हैं जिनसे हमें पूरी तरह से दूर रहना चाहिए? इनमें मीठे सोडा, एनर्जी ड्रिंक्स, और चिप्स-कुकीज जैसे ट्रांस फैट वाले स्नैक्स आते हैं। आर्टिफिशियल स्वाद वाले रेडी-टू-ईट भोजन भी इसी लिस्ट में हैं। इन चीजों में मौजूद प्रिजर्वेटिव्स और ज्यादा नमक आपकी सेहत बिगाड़ सकते हैं, ये मसूड़ों की बीमारी, मोटापा और हार्मोनल असंतुलन का कारण बन सकते हैं।

### सुरक्षित प्रोसेस्ड फूड और सीमित सेवन

अब ऐसा नहीं है कि सारे प्रोसेस्ड फूड खराब होते हैं। कुछ तो ऐसे होते हैं जिनकी प्रोसेसिंग बहुत कम होती है, जैसे कि फ्रोजन सब्जियां, डिब्बाबंद दालें या पाश्चुरीकृत दही। अगर इन्हें सीमित मात्रा में लिया जाए तो ये सेहत के लिए ज्यादा नुकसानदायक नहीं होते हैं, बस, एक बात का ध्यान रखें कि इनमें अधिक नमक या चीनी न मिली हो।



## कार्नर न्यूज

## स्कूल में बच्चे का टिफिन हो सबसे अलग

इन दिनों ज्यादातर बच्चों के स्कूल खुल चुके हैं या फिर एक जुलाई से खुलेंगे। अपने बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर माता-पिता ज्यादातर उत्साहित रहते हैं। खासतौर पर हर मां की सबसे बड़ी चिंता होती है कि वो हर रोज उन्हें टिफिन में ऐसा क्या दें, जो पूरा खत्म होकर वापस आए। क्योंकि बच्चों में खाने को लेकर काफी नखरे होते हैं। हर सुबह इसी बात की चिक-चिक होती है कि आज टिफिन में क्या जाएगा। आपकी इसी समस्या का हल लेकर कुछ ऐसी रेसिपी के बारे में यहां जानकारी, जो बच्चों के लिए बेहद जायकेदार है और जिसे बनाना भी काफी आसान है।

# स्कूली बच्चों का टिफिन होना चाहिए अलग हट कर, फूड आइटम में भी नजर आनी चाहिए सुपरमॉम की क्रिएटिविटी



### वेजिटेबल पराठा रोल

बच्चों को साधारण सब्जी पराठा देंगे तो उन्हें वो पसंद नहीं आएगा। ऐसे में उनके टिफिन में स्वादिष्ट सा वेजिटेबल पराठा रोल बनाकर पैक करें। इसके लिए गेंहू के आटे से बने पराठे में प्याज, शिमला मिर्च, पत्ता गोभी और पनीर के की स्टफिंग करें। इसके अंदर टोमेटो कैचअप और मियोनीज भी एड करें, ताकि आसका स्वाद बढ़ जाए। इसे टिफिन में देंगे तो बच्चे पूरा टिफिन चट करके आएंगे।

### पनीर पराठा

बच्चे के टिफिन में साधारण पराठा रखने की बजाय पनीर से भरा पराठा बनाकर तैयार करें। ये पराठा काफी स्वादिष्ट होता है। इसे बच्चे काफी चाव से खाते है। इसलिए अपने बच्चे को अचार के साथ पनीर पराठा टिफिन में दें, ताकि वो इसे मन से खा सकें।

### सूजी उत्तपम

गर्मी के मौसम में ऐसी चीजें ही टिफिन में रखनी चाहिए, जो खाने में हल्की हो। ऐसे में सूजी उत्तपम एक बेहतर विकल्प है। सूजी, दही और बारीक कटी सब्जियों से बने छोटे-छोटे उत्तपम आपके बच्चे को काफी पसंद आएंगे। इसे पैक करते समय उसके साथ कैचअप अवश्य रखें, ताकि बच्चे उत्तपम को चाव से खा सकें।

### फ्राइड राइस

अगर आपके बच्चे को फ्राइड राइस पसंद है तो टिफिन में उनके लिए फ्राइड राइस तैयार करें। इस फ्राइड राइस को तैयार करने में ढेर सारी सब्जियों का इस्तेमाल करें, ताकि इसका स्वाद कई गुना बढ़ सके। यदि आप ब्राउन राइस तैयार करेंगी तो ये एक हेल्दी विकल्प भी रहेगा।

### मिनी इडली

अपने छोटे बच्चे के लिए साधारण इडली बनाने की जगह सूजी से बनी मिनी इडली तैयार करें। सूजी से बनी स्टीम इडली बच्चों के लिए हल्की और हेल्दी होती है। इसे आप फ्राई करके भी टिफिन में रख सकती हैं। फ्राइड इडली बच्चों को काफी पसंद आती है।

मूंग दाल चीला

कुछ हेल्दी विकल्प तलाश कर रही हैं तो मूंग दाल चीला से बेहतर कुछ हो नहीं सकता। दरअसल, मूंग दाल को पीसकर सब्जियों के साथ बना चीला, जो प्रोटीन और टेस्ट दोनों देता है। इसलिए टिफिन में आप ये भी दे सकते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

#### 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ'के प्रीमियर में शामिल हुए इंफ्लुएंसर, स्टार कास्ट संग साझा की तस्वीरें



इंफ्लुएंसर आशीष चंचलानी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पेज पर हॉलीवुड फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ'के स्टार संग एक तस्वीर साझा की है। फिल्म के प्रीमियर में शामिल होने के लिए आशीष यूएस भी गए। आशीष चंचलानी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर स्कारलेट जोहानसन, जोनाथन बेली के मेहर्शाला अली के साथ एक फोटो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, 'वेलमक टू जोरासिक पार्क रीबर्थ।'फिल्म के प्रीमियर के वीडियो को भी आशीष ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया है।

'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' की स्टार कास्ट के साथ आशीष को देखकर फैंस ने रिएक्शन दिए हैं। वह यूजर लिखता है, 'हमें आपके ऊपर गर्व है।'एक अन्य यूजर लिखता है, 'भाई आप तो बड़े आदमी हो गए।'एक और यूजर ने लिखा, 'आशीष, भाई आप हम सबको प्राउड फील कराते हो।'आशीष की मां ने भी बेटे की इस पोस्ट पर रिएक्ट किया है, वह आशीष पर प्राउड फील कर रही हैं। आशीष चंचलानी यूट्यूब पर काफी फेमस हैं, अब तक फनी वीडियो बनाकर दर्शकों को एंटरटेन करते थे। मगर अब वह डायरेक्टर भी बन गए हैं। जल्द ही आशीष की एक वेब सीरीज 'एकाकी'रिलीज होगी। इस हॉरर कॉमेडी सीरीज में आशीष ने एक्टिंग भी की है। साथ ही इसे प्रोड्यूस, डायरेक्ट भी किया है। बताते चलें कि जब 'इंडियाज गॉट लैटेंट' का विवाद हुआ था तो आशीष चंचलानी भी उस केस में फंस गए थे। दरअसल, वह भी उसी एपिसोड में नजर आए, जिसमें पूरा विवाद खड़ा हुआ। ऐसे में समय रैना, रणवीर अल्लाहबादिया के अलावा आशीष पर भी केस हुआ।

### टॉलीवुड

#### 'कन्नप्पा' फेम एक्टर विष्णु मांचू का खुलासा, शिवलिंग वाले दृश्य समेत कई संवेदनशील सीन में हुए बदलाव



साउथ स्टार विष्णु मांचू फिल्म 'कन्नप्पा' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। 27 जून शुक्रवार को रिलीज से पहले फिल्म 'कन्नप्पा' में कुछ सींस में बदलाव किए गए । इसका खुलासा खुद विष्णु मांचू ने एक इंटरव्यू के दौरान किया है। मांचू ने बताया कि सेंसर बोर्ड ने हिंदी रिलीज के लिए कुछ सीन में बदलाव की मांग की। खासतौर पर, शिवलिंग पर पैर रखने और मूर्ति पर मुंह से पानी डालने जैसे दृश्यों को संवेदनशील माना गया। लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए, फिल्म की टीम ने इन दृश्यों को हटाने या मामूली संपादन करने का फैसला किया। इसका उद्देश्य कहानी की प्रामाणिकता को बनाए रखते हुए दर्शकों की भावनाओं को ठेस न पहुंचाना है। पहले फिल्म 'कन्नप्पा' 25 अप्रैल को तेलुगु और तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं के डब संस्करणों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन वीएफएक्स वृद्धि और पोस्ट-प्रोडक्शन के मुद्दों के कारण इसमें देरी हुई। अब यह फिल्म 27 जून को कई भाषाओं में रिलीज हुई। फिल्म का निर्देशक मुकेश कुमार सिंह और निर्माण मोहन बाबू ने किया है। इस फिल्म का संगीत स्टीफन देवसी और मणि शर्मा ने तैयार किया है। यह एक पौराणिक ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म न केवल दक्षिण भारत बल्कि उत्तर भारत में भी दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए बनाई गई है। मांचू की महत्वाकांक्षी फिल्म 'कन्नप्पा' अपनी स्टार कास्ट और पौराणिक कथानक के कारण चर्चा में है। इस अखिल भारतीय फिल्म में प्रभास, मोहनलाल, अक्षय कुमार, मोहन बाबू, काजल अग्रवाल, सरथकुमार, प्रीति मुकुधन और मधुबाला जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। निर्देशक मुकेश कुमार सिंह ने भक्त कन्नप्पा की भगवान शिव के प्रति अटूट भक्ति को दर्शाने का प्रयास किया है।

### भोजपुरी

#### 'रूद्र-शक्ति' में साथ आए अक्षरा और विक्रांत, शिव-पार्वती की महिमा दिखेगी



भोजपुरी सिनेमा में अक्षरा सिंह और विक्रांत सिंह राजपूत अभिनीत फिल्म 'रूद्र-शक्ति' 18 जुलाई को रिलीज होगी। निशांत सी. शेखर द्वारा निर्देशित यह फिल्म नारी सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता का संदेश देती है। फिल्म में अक्षरा 'शक्ति' और विक्रांत 'रूद्र' के किरदार में हैं। भोजपुरी सिने जगत की खूबसूरत अदाकारा अक्षरा सिंह और जीआरपी स्टार विक्रांत सिंह राजपूत जल्द ही बड़े पर्दे पर साथ में नज़र आने वाले हैं। आज इसकी घोषणा कर दी गयी है. दोनों बिभूति एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली नई फिल्म 'रूद्र-शक्ति' में साथ नज़र आयेंगे, जिसमें एक सशक्त कहानी और दमदार अभिनय का संगम देखने को मिलेगा। फिल्म 'रूद्र-शक्ति' को निशांत सी. शेखर निर्देशित कर रहे हैं, जिनका विज़न आधुनिक और पारंपरिक कथानक के समन्वय पर आधारित है। फिल्म का पहला पोस्टर आज जारी किया गया, जिसमें ईश्वरीय शक्ति, स्त्री सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता का संदेश झलकता है। यह पोस्टर दर्शकों में गहरी उत्सुकता जगा रहा है और इसकी कहानी को लेकर पहले ही चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं। अक्षरा सिंह, जो फिल्म में शक्ति की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा — यह किरदार सिर्फ एक अभिनय का अवसर नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है। 'शक्ति' एक ऐसी महिला है जो नारीत्व की सच्ची ताकत को दर्शाती है। दर्शक मुझे इस नए अवतार में जरूर पसंद करेंगे।

## लाइफ स्टाइल

### परंपरा बचाने के लिए



फैशन की दौड़ती-भागती दुनिया में स्थानीय कल्चर को बचाए रखना एक बड़ी चुनौती होती है। ज्यादातर फैशन शो नए चलन पर जोर देते हैं, इससे कपड़ों के प्रदर्शन से आगे हर टुकड़ा एक नई कहानी कहता है। परंपरागत फैशन इस बीच अपना अस्तित्व बनाए रखने जूझता है। जोहान्सबर्ग में पिछले दिनों हुए फैशन शो में परंपरागत शैली में मॉडल ने कई कलेक्शन पेश किए। जिन्हें भरपूर तारीफ मिली।

## पहली बार हेयर कलर कराने जा रहें हैं तो ध्यान रखें इन बातों का



आज के समय में हेयर कलर न सिर्फ सफेद बालों को छिपाने का सही तरीका है, बल्कि अब ये एक स्टाइल स्टेटमेंट भी बन गया है। इसकी वजह से लुक काफी बदल जाता है। इसीलिए अब तो युवाओं के बीच बालों को रंगने का काफी क्रेज है। अगर आप भी अपने बालों को कलर कराना चाहते हैं, तो एक बार पहले अच्छे से सोच लीजिए। यहां आपके लिए कुछ ऐसे टिप्स हैं, जिनका ध्यान आपको तब रखना है, अगर आप पहली बार हेयर कलर करने जा रहे हैं। ऐसा करने से आपको किसी तरह की एलर्जी का खतरा नहीं रहेगा।

### शही शेड चुने

अगर पहली बार कलर कराने जा रहे हैं तो कलर चुनने से पहले सोच-समझकर फैसला लें। एक बार गलत कराने से आपका पैसा, समय बर्बाद हो सकता है। इसलिए पहली बार में बहुत ब्राइट या एक्सपेरिमेंटल कलर पहली बार में अवॉइड करें। कलर पसंद करते समय अपनी पर्सनालिटी का खास ध्यान रखें।

### पैच टेस्ट है सबसे जरूरी

पहली बार बालों में कलर कराना है तो पैच टेस्ट पहले अवश्य करा लें। क्योंकि अगर कलर कराने के बाद ये आपको सूट नहीं किया तो भयंकर एलर्जी का सामना आपको करना पड़ सकता है। कलर लगाने से 24 घंटे पहले पैच टेस्ट करें ताकि किसी एलर्जी या रिएक्शन का खतरा न हो। ऐसा करने से आप एलर्जी से बच जाएंगे।

### प्रोफेशनल से करवाना बेहतर

पहली बार हेयर कलर कभी भी घर पर न करें। इसके लिए किसी अच्छे हेयर एक्सपर्ट की सलाह लें। इससे आपको अच्छा एक्सपीरिएंस मिलेगा। एक अच्छा हेयर एक्सपर्ट आपके स्किन और बालों को देखकर ही राय देता है। पहली बार हेयर कलर कराने से एक हफ्ते पहले से ही अपने बालों का खास ध्यान रखें। इसके लिए हेयर कलर से कुछ दिन पहले बालों को अच्छे से मॉइस्चराइज़ और ऑयल करें। यदि आप डैमेज बालों में कलर लगवाएंगे तो इसका असर लंबे समय तक टिकने वाला नहीं होगा।

## फिर लौट रहा 'वाय2के' वाला ट्रेंड्स, लुभा रहा 2000 का ग्लैमर





फैशन कभी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होता। साल 2000 के दशक का फैशन ट्रेंड अब 'वाय2के' बनकर लौटा है। मिलेनियल्स और जेन-जी को यह फैशन स्टाइल खूब भा रहा है। दादी का दौर हो या मम्मी का, हर दशक के फैशन की एक खास बात रही है। शायद यही वजह है कि फैशन ट्रेंड्स समय के साथ बदलते जरूर हैं, लेकिन अक्सर वापस लौटते हैं। आज के समय में नई पीढ़ी उस दौर के कपड़े और एक्सेसरीज को नया ट्विस्ट दे रही है, जिससे वे पुराने होते हुए भी ट्रेंडी लगते हैं। ऐसा ही एक फैशन ट्रेंड लौटकर आया है, जिसके दीवाने सेलिब्रिटी से लेकर आम महिलाएं भी हो रही हैं। यह फैशन ट्रेंड है- 'वाय2के'।

### क्या है यह ट्रेंड

वाय 2 के यानी 'ईयर 2000' का फैशन ट्रेंड उस दशक की शुरुआत का ग्लैमरस और बोल्ड स्टाइल था। पॉप कल्चर से प्रेरित यह ट्रेंड फैशन में नॉस्टैल्जिया यानी पुरानी यादों को जोड़ते हुए आपको नए अंदाज से जीने का मौका देता है। नई पीढ़ी के लिए यह इस गर्मी का आकर्षक ट्रेंड बन गया है। जेन-जी और मिलेनियल्स 'वाय2के' फैशन को मॉडर्न ट्रेंड्स और पर्सनल स्टाइल के साथ कॉपी कर रहे हैं, जो पुराने दौर को नए जमाने से जोड़ रहा है।

### मैटेलिक फैब्रिक

सिल्वर और गोल्ड शेड्स जैसे ग्लॉसी लुक देने वाले मटेरियल्स 'वाय2के' फैशन की पहचान थे। ये शेड्स पार्टी वियर, बैग, फुटवियर और मेकअप में खूब दिखे। उनका चमकदार, फ्यूचरिस्टिक (अत्याधुनिक) लुक उस दौर की टेक्नोलॉजी और पॉप कल्चर से प्रेरित था। ऐसे में 'वाय2के' ट्रेंड के जरिए मैटेलिक जैकेट्स और शाइनी एक्सेसरीज फिर से युवतियों को आकर्षित कर रही हैं।

## 15 मिनट में चेहरे पर आ जाएगा निखार, लोग पूछेंगे इसका राज



कई बार बिना किसी प्लानिंग के अचानक से पार्टी में जाने का प्लान बन जाता है। ऐसे में आपको ऐसे फेसपैक के बारे में जानना चाहिए, जिन्हें न सिर्फ बनाना बल्कि इस्तेमाल करना भी काफी आसान है।

### पहला फेस पैक

इस पहले फेस पैक को बनाने के लिए आपको दही, हल्दी और थोड़े से बेसन की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने का तरीका काफी आसान है। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले सभी चीजों को मिलाकर चेहरे पर लगाएं। अच्छी तरह से पैक को लगाने के 10-15 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें। अब 15 मिनट के बाद चेहरे को हल्का गीला करें और फिर हल्के हाथ से मसाज करते हुए साफ कर लें। इस फेस पैक के इस्तेमाल से आपका चेहरा पूरी तरह से खिल उठेगा। पैक को हटाने के बाद मॉइश्चराइज़र लगाएं और टोनर का इस्तेमाल अवश्य करें। इसके बाद आपकी स्किन मेकअप के लिए तैयार है।

### दूसरा फेस पैक

इस दूसरे पैक को तैयार करने के लिए आपको केवल दो चीजों की जरूरत पड़ेगी। इन चीजों में एलोवेरा और शहद शामिल है। फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा मिक्स करें। इसके बाद इसमें शहद डालकर दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करें। दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स होने के बाद आपका ये फेस पैक तैयार है। अब इसे ब्रश की मदद से अपने चेहरे पर अप्लाई करें और कम से कम 15 मिनट ऐसे ही लगा रहने दें। 15 मिनट के बाद अपने चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। इससे आपका चेहरा न सिर्फ टाइट हो जाएगा।

## जानें हेयर रिमूवर क्रीम के पीछे छिपा कड़वा सच



जल्दबाजी में ज्यादातर लोग ऐसे हेयर रिमूवल क्रीमों का इस्तेमाल करते हैं, जो बाजार में बेहद कम दाम में मिल जाती है। लेकिन इनके साइड इफेक्ट भी होते हैं। इसलिए आपको जानना जरूरी है कि आप हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल करने के दौरान क्या सावधानी बरतें।

### हो सकता है स्किन बर्न

ज्यादातर हेयर रिमूवल क्रीमों में रसायन तत्व होते हैं, जोकि स्किन बर्न का कारण बन सकते हैं। खासतौर पर कैल्शियम थायोग्लाइकोलेट और पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड जैसे तत्वों से तो स्किन की ऊपरी परत जल जाती है, जिससे त्वचा पर छाले हो सकते हैं।

### पिगमेंटेशन का रहता है खतरा

यदि आप अपनी स्किन टाइप के हिसाब से हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो आपकी त्वचो पर पिगमेंटेशन का खतरा बढ़ जाता है। पिगमेंटेशन में त्वचा पर डार्क पैच आ जाते हैं, जोकि देखने में अजीब लगते हैं। ये दिक्कत ज्यादातर अंडरआर्म्स में सामने आती है।

### त्वचा होगी ड्राई

अगर आप बार-बार हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल करते हैं तो आपको संभलने की जरूरत है। क्योंकि ज्यादा हेयर रिमूवल क्रीम के इस्तेमाल से त्वचा का रूखापन काफी बढ़ जाता है, जिस कारण आपको परेशानी हो सकती है।

### हो सकती है एलर्जी

जिन लोगों की त्वचा काफी संवेदनशील है, उनको तो इस हेयर रिमूवल क्रीमों के इस्तेमाल से दूर ही रहना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है, तो एलर्जी की प्रतिक्रिया हो सकती है।

## कार्नर न्यूज

### शादी के माहौल में खरीदारी करें सोच समझकर

## दुल्हन के लिए खरीदनी है आर्टिफिशियल ब्राइडल ज्वेलरी तो पहले कुछ टिप्स को जरूर फॉलो करें

वैसे तो शादी का दिन लड़कियों के साथ-साथ लड़कों के लिए भी बेहद खास होता है, लेकिन अपने लुक को खास बनाने के लिए सबसे ज्यादा मेहनत लड़कियां करती हैं। हर होने वाली दुल्हन अपने ब्राइडल लुक को महीनों पहले से प्लान करने लगती है। वो चाहती हैं कि उनका लहंगा, मेकअप और ज्वेलरी सब एकदम परफेक्ट हो। लहंगा और मेकअप तो लड़कियां काफी सोच-समय कर खरीदती हैं, लेकिन सही ज्वेलरी का चयन करना उनके लिए काफी मुश्किल हो जाता है। इसी के चलते हम आपको बताएंगे कि ब्राइडल गहने खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए। यदि आप इन बातों का ध्यान रखेंगी तो आपका वेडिंग लुक सबसे कमाल का और खूबसूरत लगेगा।



### आउटफिट के साथ मैच करें

ब्राइडल लुक को कंप्लीट करने के लिए यदि आप आर्टिफिशयल गहने खरीदने का प्लान कर रही हैं तो सबसे पहले लहंगा, साड़ी या ब्राइडल ड्रेस फाइनल करें। इसके बाद ही ज्वेलरी खरीदें। ये आउटफिट के हिसाब से ही होनी चाहिए। अगर मैच करानी है तो मैच कराइए, वरना आप कॉन्ट्रास्ट में भी इसे कैरी कर सकती है।

### ब्लाउज की नेकलाइन के अनुसार देखें

गले का नेकपीस खरीद रही हैं तो पहले अपने ब्लाउज की नेकलाइन देखें। ऐसा इसलिए क्योंकि ब्राइडल ब्लाउज काफी हैवी होता है। ऐसे में यदि उसके साथ सही ज्वेलरी का चयन आप नहीं करेंगी तो इससे आपका लुक ही पूरी तरह से खराब हो जाएगा। नेकलाइन और ज्वेलरी के बीच में गैप होना बेहद जरूरी है।



### क्वालिटी अवश्य चेक करें

आपके ब्राइडल लुक में हर एक चीज परफेक्ट होनी चाहिए। ऐसे में पैसे बचाने के लिए खराब क्वालिटी की ज्वेलरी कतई न खरीदें। कई बार खराब क्वालिटी के गहनों से स्टोन अपने आप ही निकलने लगते हैं, जिससे आपका लुक खराब हो सकता है। स्टोन के साथ-साथ मटेरियल की फिनिशिंग, पॉलिश और वर्क को ध्यान से देखें।

### लॉक होना चाहिए सही

ब्राइडल ज्वेलरी काफी हैवी होती है। इसलिए इसका लॉक अवश्य चेक कर लें। अगर इसका लॉक अच्छी क्वालिटी का नहीं हुआ और वो ज्वेलरी का वजन नहीं उठा पाया तो आपको शर्मिंदा होना पड़ सकता है। लास्ट मूमेंट पर आप ज्यादा कुछ कर भी नहीं पाएंगी।